
प्रेरणास्त्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# हरियाणा वाटिका

लोहारू से प्रकाशित सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंक: 161 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 1.00 बुधवार, 09 अप्रैल 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495


## कांग्रेस शासन में प्रदेश में बिजली व्यवस्था बदतर थी: सैनी

### वक्फ बिल पर विपक्ष कर रहा राजनीति: सीएम नायब सिंह सैनी



**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिजली बिलों को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जब भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री थे और रणदीप सिंह सुरजेवाला बिजली मंत्री थे, उस समय प्रदेश में बिजली व्यवस्था की हालत बदतर थी। शहरों में पावर कट लगते थे, लोग परेशान थे। जबकि वर्तमान सरकार ने बिजली क्षेत्र में सुधार करते हुए लोगों को 24 घंटे बिजली देने का काम किया है। मुख्यमंत्री आज हिसार में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, विधायक श्रीमती सावित्री जिंदल और रणधीर पणिहार उपस्थित रहे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष के नेता पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखें फिर किसी पर उंगली उठाएं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा और रणदीप सिंह सुरजेवाला में तो होड़ लगी है कि कौन विपक्ष का नेता बनेगा। वे तो सिर्फ अपनी हाजिरी लगवा रहे हैं, उन्हें जनता से कोई लेना देना नहीं। उन्होंने आंकड़े साझा करते हुए वर्ष 2013- 14 में जब कांग्रेस सरकार थी उस समय 25 यूनिट तक बिजली की खपत करने पर 200 रुपए का बिल आता था। इसी तरह 50 यूनिट तक 200 रुपए, 100 यूनिट तक 378 रुपए, 150 यूनिट तक 603 रुपए, 200 यूनिट तक 828 रुपए, 250 यूनिट तक 1053 रुपए तथा 300 यूनिट तक बिजली खपत करने पर 1316 रुपए बिल आता था। जबकि हमारी सरकार में आज 2025- 26 में 25 यूनिट तक केवल 55 रुपए का ही भुगतान करना है। इसी तरह, 50 यूनिट तक 110 रुपये, 100 यूनिट तक 245 रुपये, 150 यूनिट तक 443 रुपये, 200 यूनिट तक 705 रुपये, 250 यूनिट तक 968 रुपये तथा 300 यूनिट तक 1230 रुपये का बिल है।नायब सिंह सैनी ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा और रणदीप सिंह सुरजेवाला को चुनौती देते हुए कहा कि वे जनता के बीच में आकर तथ्यों के साथ बात करें। जनता को झूठ बोलकर बरगलाने का काम करने की जरूरत नहीं है। पहले तथ्य जांचें, फिर बोलें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 24 घंटे बिजली देने को वायदे को पूरा किया लेकिन बिलों का बोझ आम जनता पर नहीं डाला।

## हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने दिया आदेश

**चण्डीगढ़**
हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में बिजली विभाग की खामियों के चलते शिकायतकर्ता को 5,000 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। आयोग ने पाया कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते भिवानी निवासी ओम प्रकाश को वॉलंटरी डिस्क्लोजर स्कीम के तहत कृषि कनेक्शन की लोड बढ़ाने की सुविधा से वंचित होना पड़ा। निगम के प्रवक्ता ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आयोग ने जांच में पाया कि ओम प्रकाश द्वारा 13 जुलाई 2024 को लोड बढ़ाने के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन बिजली विभाग द्वारा उनके नाम पर 28,000 रुपये की बिजली चोरी की राशि लंबित दिखाकर आवेदन रद्द कर दिया गया। बाद में जांच में यह स्पष्ट हुआ कि बिजली चोरी उनके भाई वेद प्रकाश द्वारा की जा रही थी, जिन्होंने ट्रांसफार्मर से डायरेक्ट सप्लाई ली थी। इसके बावजूद, जुमार्ना राशि ओम प्रकाश के खाते में ही दर्ज रही, जबकि उपयोगकर्ता वेद प्रकाश ने 26 सितंबर 2024 को यह राशि जमा कर दी थी।

प्रवक्ता ने बताया कि इसके बावजूद विभाग द्वारा उक्त राशि को रिकॉर्ड में अपडेट नहीं किया गया, जिससे शिकायतकर्ता को लोड बढ़ाने की वॉलंटरी डिस्क्लोजर स्कीम योजना का लाभ नहीं मिल पाया। आयोग ने इसे गंभीर प्रशासनिक चूक मानते हुए हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 की धारा 17(1)(ँ) के अंतर्गत मुआवजा देने का आदेश जारी किया है।

## सीएम नायब सिंह सैनी ने पीएम के दौरे को लेकर तैयारियों का लिया जायजा



**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी** 14 अप्रैल को हिसार स्थित महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर प्रस्तावित नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास तथा हवाई सेवाओं का शुभारंभ करेंगे।

प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर किए गए प्रबंधों की गहनता से समीक्षा की। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा विधायक श्रीमती सावित्री जिंदल, रणधीर पनिहार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में सभी व्यापक प्रबंध करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आमजन को भी कोई दिक्कत न हो, इसके लिए वैकल्पिक सड़क मार्गों की व्यवस्था होनी चाहिए।
मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त स्वच्छ पेयजल शौचालय व पंखों इत्यादि की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में प्रदेश के कई जिलों से लोग शामिल होने जा रहे हैं। इसलिए किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि वाहनों की पार्किंग के लिए प्रत्येक जिले के लिए अलग पार्किंग स्थल निर्धारित किया जाए।

## मैं मंत्री नहीं, स्वच्छता का हूं प्रहरी: विपुल गोयल



**यमुनानगर/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि मैं यमुनानगर में मंत्री के तौर पर नहीं, बल्कि स्वच्छता प्रहरी के रूप में आया हूं। स्वच्छता किसी अन्य व्यक्ति की जिम्मेवारी नहीं, यह हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। जिस तरह हम स्वच्छ रहने के लिए अपने शरीर को रोज साफ करते है, उसी तरह हम अपने आसपास के एरिया को साफ रख कर शहर को सुंदर बनाने की जिम्मेवारी ले। स्वच्छता का काम हम सब मिलकर करें। मंत्री विपुल गोयल मंगलवार को औद्योगिक क्षेत्र स्थित सब्जी मंडी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर शुरू किए गए विशेष स्वच्छता अभियान पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सभी को हर साल सौ घंटे स्वच्छता के लिए देने की शपथ दिलाई। इससे पहले कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, मेयर सुमन बहमनी, नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा, अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार व निगम पार्षदों के साथ मिलकर सब्जी मंडी में झाड़ू लगाकर सफाई की और कचरे को अपने हाथों से उठाकर डस्टबिन के माध्यम से निगम के वाहनों में डाला। साथ ही राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुरानी सब्जी मंडी की छात्राओं द्वारा निकाली गई स्वच्छता रैली व प्रधानमंत्री सेल्फी प्वाइंट का अवलोकन किया। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगभग 12 साल बाद 14 अप्रैल को यमुनानगर में आ रहे है। जब नरेंन्द्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तब उन्होंने दिल्ली के लाल किले से स्वच्छ भारत बनाने का आह्वान किया था। इस सामाजिक संदेश को उन्होंने एक मुहिम एवं क्रांति बनाने का काम किया।

### 240 मंडियों में अटल किसान-मजदूर कैंटीनें स्थापित की जाएंगी: श्याम

**चण्डीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने यमुनानगर जिला के कस्बा रादौर और सरस्वती नगर की अनाज मंडियों में अटल किसान-मजदूर कैंटीनों का उद्घाटन किया। उन्होंने ऐलान किया कि आने वाले समय में हरियाणा की सभी 240 मंडियों में ऐसी कैंटीनें स्थापित की जाएंगी। इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि राज्य सरकार की इस पहल का उद्देश्य न केवल किसानों और मजदूरों को सस्ती दरों पर शुद्ध भोजन उपलब्ध कराना है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना भी है।

## हरियाणा फिल्म महोत्सव में गुरुग्राम विवि के विद्यार्थियों ने जीते पुरस्कार



**गुरुग्राम/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग ने अप्रैल 4-5 को महर्षि दयानंद विश्विद्यालय रोहतक में आयोजित द्वितीय हरियाणा फिल्म महोत्सव-2025 में कई पुरस्कार जीते। सिने फाउंडेशन हरियाणा एवं विश्व संवाद केंद्र, हरियाणा द्वारा आयोजित इस फिल्म महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राजकुमार राव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मीडिया अध्ययन विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) राकेश कुमार योगी के मार्गदर्शन में बनी 18 फिल्मों में से 11 को फिल्म महोत्सव में प्रदर्शन के लिए चुना गया, जिनमें से 5 को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुए। विभाग के एनीमेशन एवं मल्टीमीडिया के विद्यार्थियों द्वारा स्टॉप मोशन तकनीक से निर्मित डिजिटल पैराडॉक्स फिल्म को नॉन-प्रोफेशनल श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड मिला।

लघु फिल्म तमस के लिए बीएससी एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया के छात्र पुनीत को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक एवं एमएजेएमसी इंटीग्रेटेड की छात्रा रेहा फागना को लघु फिल्म उड़ान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनय का पुरस्कार मिला। लघु फिल्म लडकों एवं वृत्तचित्र गौरवशाली हरियाणा को नॉन-प्रोफेशनल श्रेणी में प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।



प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी की यमुनानगर में होने वाली 14 अप्रैल की प्रस्तावित रैली के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं रैली संयोजक कंवरपाल गुर्जर ने जगाधरी शहर के सभी सातों वार्डों के पार्षदों के साथ बैठक की। मंगलवार को बैठक के दौरान रैली संयोजक कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि जगाधरी शहर के प्रत्येक वार्ड से ज्यादा से ज्यादा लोग प्रधानमंत्री मोदी की रैली में शामिल हों, ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए।

## सरकार युवाओं को नशे से दूर रखने को प्रतिबद्ध: ओम प्रकाश यादव



**नारनौल/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
पूर्व मंत्री एवं नारनौल के विधायक ओम प्रकाश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार युवाओं को नशे जैसी बुराई से दूर रखने को प्रतिबद्ध है। विधायक मंगलवार को आईटीआई नारनौल के सामने से साइक्लोथॉन-2.0 को रेवाड़ी के लिए रवाना करने से पहले आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर उपायुक्त डॉ विवेक भारती भी मौजूद रहे। यात्रा में पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने भी साइकिल यात्रा में भाग लिया।
हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के तहत ड्रग फ्री हरियाणा बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश यादव ने कहा कि जन भागीदारी के साथ नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए निकाली जा रही यह साइक्लोथॉन-2.0 अपने उद्देश्य में कामयाब हो रही है। उन्होंने कहा कि इस मुहिम को अब हर घर, हर गली, हर नुक्कड़ और चौराहे पर लेकर जाना है।
उन्होंने कहा कि हरियाणा का हर नागरिक नशा मुक्ति के लिए एकजुट होकर काम कर रहा है। "नशा मुक्त हरियाणा अभियान" प्रदेश को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। पुलिस के सहयोग से जिला महेंद्रगढ़ के 175 गांवों तथा 11 वार्ड को नशे से मुक्त कर लिया गया है। इस अभियान के तहत पुलिस नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है और लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर सभी ने लोटे में नमक डालकर नशा न करने की शपथ भी ली। नारनौल से रवाना होते वक्त इस साइकिल यात्रा में हजारों साइकिलिस्ट का काफिला गांव बाछौद, खोड, सलीमपुर, चंदपुरा गांव से होते हुए रेवाड़ी जिला में प्रवेश कर गया।

इस साइकिल यात्रा की खास बात यह रही कि इसमें 7 साल के बच्चे से लेकर 70 साल के बुजुर्ग तक ने पूरे जोश और उमंग के साथ युवाओं को नशे जैसी बुराई से दूर रहने का संदेश दिया। इस यात्रा में राजनीतिक व सामाजिक संगठन, विद्यार्थी तथा आम नागरिकों की रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी रही। इस मौके पर नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी तथा पूर्व चेयरमैन जेपी सैनी के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

## अनुसूचित जाति विकास निगम कार्यालय पर सीएम फ्लाइंग को मिली ढेरों खामियां



**जींद/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
**मंगलवार** को मुख्यमंत्री उडनदस्ते ने हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम कार्यालय पर दबिश दी। निरीक्षण से कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई। मुख्यमंत्री उडनदस्ते के अधिकारियों ने यहां कई घंटे तक जांच की। डीएसपी पवन ने बताया कि जो-जो खामियां मिली हैं, उनकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। गौरतलब है कि इस समय हरियाणा अनुसूचित जाती वित्त एवं विकास निगम कार्यालय में सरकार के द्वारा 74 योजनाओं का लाभ दिया जाता है। जो परिवार बीपीएल है या इनकम 1.80 से कम है उन्ही लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जाता है। शिकायतें मिल रही थी कि पात्र लोगों को योजनाओ का लाभ नही मिल रहा है। जिस पर सीएम फ्लाइंग ने कार्यालय पर दस्तक दी। टीम का नेतृत्व डीएसपी पवन ने किया। यहां टीम ने हरियाणा सरकार द्वारा गरीब परिवारों को मिलने वाली योजनाओं का ब्यौरा हासिल किया। टीम ने कार्यालय में सभी कागजों की जांच की और खामियों को पहचानने का काम कर रही है। टीम ने कार्यालय में दस्तक के साथ रिकार्ड कब्जे में ले लिया और उसे खंगाला।

छानबीन में सामने आया कि विभाग द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत गरीब लोगों को 72 तरह के लोन दिलाए जाते हैं ताकि वे लोग अपना जीवनयापन कर सकें। रिकार्ड को खंगालने पर सामने आया कि विभाग को 498 आवेदन मिले। जिसमें से केवल 51 आवेदन मंजूर हुए। लाभ महज 32 लोगों को मिला। 19 आवेदकों को लोन तो मजूर हुआ लेकिन बजट नही मिला। 366 आवेदन पैंडिंग पाए गए।

## जलभराव की रोकथाम के लिए व्यवस्थाएं पूर्ण करें अधिकारी: राव नरबीर सिंह



**चण्डीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने आज गुरुग्राम में आगामी मॉनसून से पूर्व शहर में जलभराव की स्थिति से निपटने को लेकर नगर निगम गुरुग्राम व गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गुरुग्राम में आयोजित इस बैठक में नगर निगम आयुक्त अशोक गर्ग, अतिरिक्त निगम आयुक्त वाई. एस गुप्ता सहित जीएमडीए के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के दौरान अतिवृष्टि एवं जलभराव की रोकथाम के लिए पहले से ही समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी ड्रेनेज व सीवरेज की सफाई, मानसून से पूर्व निर्धारित समयावधि में पूरे की ली जाए। जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर के नालों का सफाई कार्य प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नगर निगम व जीएमडीए के अधिकारियों को निर्देष देते हुए कहा कि आगामी तीन साल में जलभराव की निकासी के लिए पंप व्यवस्था से हटकर स्थाई समाधान की दिशा में आगे बढ़े। बरसात के समय ग्रीन बेल्ट में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए कैबिनेट मंत्री ने सुझाव देते हुए कहा कि जीएमडीए के अधिकारी चिन्हित स्थानों पर ट्रायल के तौर पर एक निश्चित चौड़ाई का गड्ढा बनाकर, उसमें जमीन स्तर से एक फीट ऊपर तक ईंटों से भरवाना सुनिश्चित करें। इससे कम खर्च में एक तरफ जहां प्राकर्तिक रूप से जलस्तर को बढ़ाने में मदद मिलेगी। वहीं लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से भी यह ठीक होगा। राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में यमुना को साफ करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ऐसे में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि गुरुग्राम के ड्रेनेज सिस्टम में फैक्ट्रियों का केमिकल युक्त पानी नहीं गिरना चाहिए। अधिकारियों द्वारा दिल्ली क्षेत्र में नजफगढ़ ड्रेन की डिसिल्टिंग के विषय पर उन्होंने कहा कि वे जल्द ही इस दिशा में दिल्ली सरकार से चर्चा करेंगे।

उन्होंने कहा कि ऐसा संज्ञान में आया है कि शहर में चल रहे सड़क मरम्मत कार्य के दौरान साथ लगते नालों की सफाई नहीं की जा रही, जिससे मॉनसून के समय नालों के ओवरफ्लो होने से सड़क को पुनः क्षति पहुँचेगी। इसके अतिरिक्त कई स्थानों पर नालों के होल्स सड़क के स्तर से ऊंचे होने के कारण रिहायशी स्थानों पर जलभराव को स्थिति बनती है। मंत्री ने कहा कि अधिकारी कार्य की गुणवत्ता व निर्धारित प्रक्रिया की निरन्तर मोनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि एक अभियान के तहत सभी रिहायशी सोसाइटी में स्थापित एसटीपी की जांच सुनिश्चित की जाए कि उनमें से कितने प्रभावी रूप से कार्य कर रहे हैं। अनधिकृत क्षेत्रों में पानी पर नियंत्रण, सड़क की नालियों में स्ट्रीट स्वीप का डंपिंग, सेक्टरों के मुख्य नाले के साथ आंतरिक नाले की कनेक्टिविटी आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## बाइक व बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू।** बहल आईटीआई से अपने गांव सुजडोला जाते समय सेहर के पास बरालु मोड़ पर हरियाणा राज्य परिवहन की बस व बाइक की टक्कर से बाइक सवार आईटीआई छात्र आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र को प्राथमिक उपचार के बाद भिवानी जीएच रेफर किया गया है।

पिलानी के पास के गांव सुजडोला निवासी पुलिस को दी शिकायत में आकाश ने बताया कि वह और उसका दोस्त अंकित बहल आईटीआई करते हैं। बाइक से सवार होकर दोनों अपने गांव जा रहे थे कि सेहर के पास बरालु मोड़ पर हरियाणा रोडवेज की बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिसके कारण व घायल हो गए। परिजनों द्वारा इलाज के लिए लोहारू उप नागरिक अस्पताल लाया गया जहां से भिवानी जीएच रेफर किया गया है। पुलिस ने घायल छात्र आकाश के बयान के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## श्री इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ 11 को

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 08 अप्रैल।** नोहरिया बाजार की गली गोलछांवाली स्थित श्री इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में चैत्र सुदी पूर्णिमा हनुमान जन्मोत्सव पर 11 अप्रैल शुक्रवार को श्री सुदरकांड पाठ एवं कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

मंदिर के पुजारी बालकृष्ण दायमा ने बताया कि चैत्र मास की पूर्णिमा पर मंदिर परिसर में 11 अप्रैल को रात्रि सवा आठ बजे से श्री सुंदरकांड का पाठ एवं प्रभुइच्छा तक संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल शनिवार को सुबह सवा आठ बजे हवन यज्ञ होगा। उसके पश्चात श्री बालाजी की आरती की जाएगी और बाबा को भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## लाइब्रेरी के बाहर से बाइक चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 08 अप्रैल।** डिंग मंडी स्थित लाइब्रेरी में पढ़ाई के लिए आए गांव बोदीवाली निवासी युवक की बाइक चोरी हो गई।

पुलिस को दी शिकायत में गांव बोदीवाली निवासी कुलदीप सिंह ने बताया कि वह डिंग मंडी स्थित लाईब्रेरी में पढ़ाई के लिए आता है। उसने बताया कि बीती 6 अप्रेल की सुबह वह रोजाना की भांति लाइब्रेरी में आया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। शाम को घर जाने के लिए बाइक संभाली तो बाइक गायब मिली। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किए प्रमाणपत्र




**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 08 अप्रैल।** जन शिक्षण संस्थान सिरसा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कालांवाली स्थित मॉडल उपकेंद्र में टेलरिंग प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके 20 विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष लवली गर्ग व वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष गर्ग मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए जबकि अध्यक्षता संस्थान के निदेशक धर्मपाल गर्ग ने की। लवली गर्ग व सुभाष गर्ग ने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए कहा कि जनशिक्षण संस्थान महिला सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभा रहा है। एक शिक्षित बेटी दो परिवारों को शिक्षित करती है। निदेशक धर्मपाल गर्ग ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षका चरणजीत कौर और आरती रानी भी मौजूद रहीं।

## डॉ. आशीष अनेजा को मिला केयू हेल्थ सेंटर के एसएमओ का पदभार

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**



**कुरुक्षेत्र, 08 अप्रैल।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार केयू स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष अनेजा को तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केन्द्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी का कार्यभार सौंपा गया है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने डॉ. आशीष अनेजा को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का स्वास्थ्य केन्द्र केयू परिवार के सभी सदस्यों की देखभाल के लिए समर्पित है। उन्होंने केयू स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं की भी सराहना की। केयू स्वास्थ्य केन्द्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष अनेजा ने इस कार्यभार को प्रदान करने के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में स्वास्थ्य केन्द्र में समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श केन्द्र लगाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। डॉ. अनेजा ने कहा कि वे निरंतर मानवता के हित में पूरी लगन एवं सच्ची निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे।

# नगर परिषद की पहली बैठक रही हंगामेदार

### – सत्ता पक्ष के लोगों ने किया हंगामा

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 08 अप्रैल।** सिरसा नगर परिषद की पहली बैठक बड़ी हंगामेदार रहीं। विरोधी पक्ष ने नहीं बल्कि सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों ने जमकर हंगामा किया। नवनिर्वाचित पार्षदों ने बैठक में कड़ा रूख अपनाया और चेयरमैन वीर शांति स्वरूप को नरम रूख अपनाने पर विवश होना पड़ा। बैठक से पार्षद प्रतिनिधियों के अलावा बाऊंसर व अन्य को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

गौरतलब है कि बीती 2 मार्च को नगर परिषद सिरसा के चुनाव हुए थे और 12 मार्च को परिणाम आए। सिरसा नगर परिषद के नवनिर्वाचित 32 पार्षदों और चेयरमैन की मंगलवार को पहली बैठक बुलाई गई थी, जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन वीर शांति स्वरूप ने की। बैठक में डबवाली के कार्यकारी अधिकारी सुरेंद्र कुमार उपस्थित थे, उन्हें सिरसा का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। कमेटी की इस बैठक में सिरसा शहर के विकास को लेकर चिंतन किया जाना था लेकिन बैठक के साथ ही पार्षद प्रतिनिधियों और मीडियाकर्मियों को बैठक से बाहर जाने के लिए कहा गया। जिसके बाद हंगामा हो गया। पार्षदों और पार्षद प्रतिनिधियों के कड़े रूख के बाद चेयरमैन को झुकना पड़ा, जिसके बाद मीडिया कर्मियों को भीतर रहने की रजामंदी जाहिर की गई लेकिन पार्षद प्रतिनिधियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। पार्षद प्रतिनिधियों ने चेयरमैन के साथ आए बाऊंसर व बाहरी लोगों को भी बैठक से बाहर करने के लिए कहा, जिस पर



चेयरमैन ने उन्हें भी बाहर भेज दिया।

**पार्षदों ने स्ट्रीट लाईट के अलॉटमेंट पर जताया रोषः**

उन्होंने कहा कि जब हर पार्षद को 25-25 स्ट्रीट लाइट लगवाने की सहमति जाहिर की गई थी, तब उनके वार्डों में ठेकेदार ने अपनी मर्जी से स्ट्रीट लाइट लगा डाली। जिसके कारण कहीं दो-दो लाइटें लगी है और कहीं अंधेरा पसरा हुआ है। पूर्व पार्षदों द्वारा आज भी अपनी इच्छा अनुसार स्ट्रीट लाइटें लगवाई जा रही है और वे श्रेय ले रहे है। जिस पर बैठक की गर्मी को ठंडा करते हुए चेयरमैन की ओर से कहा गया कि पूर्व पार्षद भी हमारे ही साथी है। जिस पर पार्षदों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने पूर्व पार्षदों के अनुसार ही काम करवाने के लिए कहा। बाद में उन्हें किसी प्रकार शांत किया गया।

**बैठक में सफाई व्यवस्था को लेकर भी हुआः**

बैठक में पूछा गया कि सफाई का किस एजेंसी को ठेका दिया हुआ है। ठेकेदार के आदमी कहां और कब सफाई करते है? कहां पर वे कचरा फैंकते है। सफाई ठेकेदार फोन तक नहीं उठाता। न ही टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। आखिर लोग शिकायत करें भी तो किसे? सफाई के बाद कचरे को खाली प्लाटों में डाल दिया जाता है, जोकि हवा के साथ इधर से उधर फैल जाता है।

बैठक में पार्षदों ने सीवरेज व्यवस्था के चौपट होने, पार्कों की बदहाली और स्टार्म वॉटर प्रोजेक्ट को लेकर भी तीखे सवाल किए।

**सभी पार्कों के रखरखाव का टैंडर रद्दः**

बैठक में सभी पार्षद अपने-अपने वार्डों से जुड़े विकास कार्यों व समस्याओं की फाइल लेकर पहुंचे थे। इनमें सफाई, गलियों का निर्माण, बदहाल सीवर व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, आवारा पशु की समस्या, पार्कों का रखरखाव प्रमुख था। बैठक में बताया गया कि नगर परिषद ने शहर के सभी पार्कों के रखरखाव का ठेका दिया हुआ है जबकि पार्कों का बुरा हाल है। लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ है।

शहर के टाउन पार्क का भी बुरा हाल है। इसलिए नप को इस बारे में ध्यान देना चाहिए। वार्ड नंबर 3 के पार्षद रमेश मेहता ने बताया कि पार्षदों की मांग पर शहर के सभी पार्कों का टैंडर रद्द कर दिया है। अब नए सिरे से टैंडर होंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि पार्कों का रखरखाव खुद नगर परिषद को करना चाहिए। खासकर टाउन पार्क का। इस पर प्रधान ने कहा कि यह अच्छा सुझाव है जिस पर विचार किया जाएगा।

## ग्रामीणों ने शिक्षा रथ का किया भव्य स्वागत

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 08 अप्रैल।** जिला कुरुक्षेत्र में सरकारी विद्यालयों में मिल रही सुविधाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए शुरू हुआ शिक्षा-रथ आज थानेसर खंड के गांव भिवानी खेड़ा, धुराला, अजराना कलां, सलपानी कलां और कम्बोज माजरा पहुंचा जहां के ग्रामीणों ने शिक्षा रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। शिक्षा रथ के 7 सारथी अध्यापक जीतेन्द्र, महावीर आत्रे, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र सिंह, राकेश कुमार, रमेश कुमार और विजय पंघाल शिक्षा रथ के साथ शिक्षा विभाग हरियाणा के सन्देश को लेकर गाँव बिशनगढ़, सिंहपुरा, भिवानीखेड़ा, धुराला, अढ़ोन, अजराना कलां, गाँव सलपानी कलां, गाँव मलिकपुर और कम्बोज



माजरा गांव पहुंचे और ग्रामीणों को गली-गली और चौपाल पर सन्देश दिया कि हरियाणा के विद्यालय बदलते परिवेश में सभी सुविधाओं से युक्त होकर बच्चों के सर्वांगीण विकास में उत्तरोत्तर प्रयासरत है और जन -जन से अपील करता है कि अपने सभी बच्चों को हरियाणा के सरकारी विद्यालय में दाखिला कराएं और सरकारी स्कूलों में बदलाव का हिस्सा बने। शिक्षा रथ यात्रा में गांव बिशनगढ़ के सरपंच अमित कुमार ने गांव वालों से अपने बच्चों का हरियाणा सरकारी विद्यालय में दाखिला करवाने का आग्रह किया और पुरजोर रथ यात्रा के उद्देश्य को साकार हेतु समर्थन किया। गांव भिवानीखेड़ा के सरपंच प्रवीण सैनी ने हरियाणा के सरकारी विद्यालय में दाखिला करवाने हेतु गांव वालों को प्रेरित किया। गांव सिंहपुरा की महिला सरपंच सुदेश कुमारी ने गांव की सभी बहनों को इकठ्ठ करके अपने बच्चों का दाखिला सरकारी विद्यालय में करवाने बारे पुरजोर समझाया और सरकारी विद्यालय में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। गांव धुराला के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य निशा रानी, विद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्यों और विद्यालय के बच्चों ने शिक्षा रथ यात्रा के साथ पैदल मार्च में ग्रामीणों को समझाया कि सरकारी विद्यालय सुविधाओं से संपन्न है और हर माता-पिता एवं अभिभावक को इन सुविधाओं का लाभ उठाना चाहिए और बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान देना चाहिए।

## आलू, लहसुन एवं प्याज उत्पादन की बढ़ोतरी करके किसान बढ़ा सकते आय : डा. एसके मल्होत्रा

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 08 अप्रैल।** राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, सलारू, करनाल एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, कुरुक्षेत्र द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के अन्तर्गत उत्तरी राज्यों में प्याज का क्लस्टर विकास एवं संबधित गतिविधियों के साथ गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री का उत्पादन कार्यक्रम के तहत प्याज की उन्नतशील प्रजातियां, उत्पादन तकनीकी एवं कटाई उपरान्त प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय 'राज्य स्तरीय संगोष्ठी' का उद्घाटन डा. एस. के. मल्होत्रा, कुलपति, महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, उचानी, करनाल एवं डा. बलवान सिंह मंडल, विस्तार शिक्षा निदेशक, चौधरी चरण सिंह, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, हरियाणा द्वारा किया गया। इस संगोष्ठी में डा.



आलोक सिंह, सहायक निदेशक, केन्द्र प्रमुख, राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, सलारू, करनाल, डा. बलजीत सिह सहारन, वरिष्ठ समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र, कुरूक्षेत्र, इत्यादि अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम डा. आलोक सिंह, सहायक निदेशक, केन्द्र प्रमुख, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, सलारू ने अतिथियों के स्वागत उपरान्त संस्था द्वारा चलाये जा रहे प्याज एवं लहसुन के अनुसंधान एवं बीजोत्पादन कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा सब्जियों की नवीनतम तकनीकी, कीट एवं रोगों से फसल की सुरक्षा एवं कटाई उपरान्त प्रबन्धन विषय पर विस्तार से तकनीकी जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि डा. एस. के. मल्होत्रा, कुलपति, महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, उचानी, करनाल ने किसानों को बागवानी के क्षेत्र में किये गये नये-नये कीर्तिमानों की सहराना करते हुए बागवानी के क्षेत्र में और अधिक योगदान की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य अतिथि ने हरियाणा में आलू, लहसुन एवं प्याज उत्पादन की बढोतरी करके किसानों की आय बढाने पर जोर दिया। डा. एस. के. मल्होत्रा ने किसानों की आय को दुगना करने हेतु सरकार द्वारा कृषि एवं बागवानी के क्षेत्र की परियोजनाओं के विभिन्न प्रयासों की चर्चा की एवं इस दो दिवसीय संगोष्ठी के सफल होने की कामना की।

इस क्रम में डा. बलवान सिंह मंडल, विस्तार शिक्षा निदेशक, चौधरी चरण सिंह, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार ने एच.एच.आर.डी.एफ. द्वारा विकसित प्याज की विभिन्न प्रजातियों को लगाने के लिये प्रोत्साहित किया। इस संगोष्ठी में हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों से आये लगभग 300 किसानों ने भाग लिया।

## प्रियंका मल्होत्रा को मिली पीएचडी की उपाधि

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**



**सिरसा, 08 अप्रैल।** मानसिक मंदित बच्चों को संभालने में उनके अभिभावकों द्वारा अनुभूत समस्याओं के समाधान के लिए मॉडयूल का निर्माण एवं प्रभावशीलता का अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य पूरा करने पर सिरसा निवासी प्रियंका मल्होत्रा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें यह उपाधि मौलाना अब्दुल कलाम आजाद यूनिवर्सिटी से आए डॉ. मोहम्मद मोशाहीद, जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. एचएन वर्मा, डॉ. रीटा अरोड़ा द्वारा प्रियंका मल्होत्रा को प्रदान की गई। उन्होंने पीएचडी की उपाधि एसोसिएट प्रो. डॉ. विष्णु शर्मा के निर्देशन में हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्वजनों के साथ-साथ न्यू इरा कॉलेज के संस्थापक स. हरजिंद्र सिंह, डॉ. विष्णु शर्मा, साथ ही दिशा संस्थान, प्रयास मेंटली चैलेंज्ड स्कूल के प्रिंसिपल स्टाफ को दिया। प्रियंका मल्होत्रा ने बताया कि मानसिक बीमारी और मानसिक मंदता पूरी तरह से दो अलग-अलग शब्द हैं और उनमें दो अलग-अलग अवधारणाएं हैं और इन्हें एक दूसरे के स्थान पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। मानसिक बीमारी कई कारणों से हो सकती है जैसे आनुवंशिक कारण, पर्यावरणीय कारण और मस्तिष्क में रासायनिक असंतुलन जबकि मानसिक मंदता किसी व्यक्ति में मस्तिष्क के सामान्य विकास में असंतुलन है, जिसके आधार पर इसे हल्के में वर्गीकृत किया जा सकता है। समुदाय और नैदानिक आबादी में मनोरोग विकारों और मानसिक मंदता की सहवर्तीता के प्रसार का अनुमान 14.3 से 67.3 प्रतिशत तक है। उन्होंने बताया कि शोध का निष्कर्ष यह निकला कि मानसिक बीमारी तब बताई जा सकती है, जब व्यक्ति का व्यवहार अनुचित, तर्कहीन या अवास्तविक हो, ज्यादातर शारीरिक रूप से, या मानसिक बीमारी में व्यक्ति का व्यवहार सामान्य नहीं होता। मानसिक विकार शारीरिक, मनोवैज्ञानिक या पर्यावरणीय कारकों या इन तीनों के संयोजन से हो सकता है जबकि मानसिक बीमारी बुद्धि का स्तर नहीं है, लेकिन एक व्यक्ति का मानसिक रूप से बीमार और मंदबुद्धि दोनों होना संभव है। उनका शोध करने का मकसद यही था कि इन लोगों की समस्या को धरातल पर जान सकूं और उन अभिभावकों की समस्या का समाधान कर सकूं, जो इनकी देखभाल करने में परेशानी महसूस करते हैं। फिलहाल प्रियंका मल्होत्रा वर्तमान में न्यू इरा कॉलेज (डीएड) में बतौर प्रिंसिपल कार्यरत हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी 14 को करेंगे हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 08 अप्रैल। समाजसेवी बलवंत शैली ने कहा कि आगामी 14 अप्रेल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसी दिन नवनिर्मित हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। शैली ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि केंद्र व राज्य के बाद शहरी सरकार भाजपा की बनने से ट्रिपल ईंजन की सरकार विकास की गाड़ी को और तेज कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अद्भुत नेतृत्व क्षमता ने जहां देश को विश्व में अलग पहचान दिलाई है, वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी कार्यशैली व व्यवहार कुशलता से अमिट छाप छोड? का काम किया है। उन्होंने कहा कि वे पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने सीधे तौर पर जनता से संवाद किया है। शैली ने हाल ही में अग्रिवीरों को हरियाणा पुलिस में 20 प्रतिशत आरक्षण देकर उनका भविष्य सुरक्षित करने के निर्णय का स्वागत किया है।

## सीड्स व पेस्टिसाइड्स एक्ट 2025 के विरोध में रतिया पेस्टिसाइड यूनियन ने की हड़ताल,धरने पर बैठे

हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर

रतिया, 08 अप्रैल। हरियाणा सरकार द्वारा लागू सीड्स व पेस्टिसाइड्स एक्ट 2025 के विरोध में रविवार को कुरुक्षेत्र की सैनी समाज धर्मशाला में राज्य स्तरीय बीज उत्पादकों,पेस्टिसाइड्स निर्माताओं व विक्रेता बंधुओं के एक संयुक्त सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में प्रदेश भर से 5 हजार से अधिक बीज उत्पादकों,पेस्टिसाइड्स निमार्ताओं व विक्रेता बंधुओ ने भाग लेते हुए सरकार द्वारा बनाए गए इस कानून का विरोध किया गया और इस नए कानून को वापस लेने की मांग की। इस सम्मेलन में प्रदेश स्तरीय हड़ताल के तहत सभी सीड्स, पेस्टिसाइड्स व खाद की दुकाने सात दिन बंद रखने का निर्णय लिया गया। इसी निर्णय के तहत आज रतिया पेस्टिसाइड यूनियन के आह्वान पर सभी बीज,खाद व कीटनाशक दवाई के विक्रेता बंधुओं ने दुकानें बंद रखकर रोष प्रदर्शन किया और अपनी एकता का सबुत दिया। रतिया में आज इसका असर पूर्ण रूप से देखने को मिला। इस मौके पर प्रधान शिव वधवा ने कहा इस काले कानून के तहत सीड्स,पेस्टिसाइड व खाद को 19 ए धारा के साथ जोड़ा गया है,इसमें गैर जमानती वारंट व 5 साल तक की सजा का प्रावधान है। जो सरासर गलत हैं। इस कानून को रद्द करने की मांग करते हुए लवकेश मितल ने कहा कि विक्रेता द्वारा उच्च गुणवत्ता और अच्छी कंपनियों का माल बेचा जाता है। सरकार द्वारा पास अच्छी गुणवत्ता वाला माल ही किसान को दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार फिर भी यह कानून वापस नहीं लेती है तो यह हड़ताल अनिश्चितकालीन भी हो सकती है। इस मौके पर संरक्षक नरेंद्र सुरा,प्रधान शिव वधवा,सेक्ट्री ईश्वर तनेजा,केशियर परमिंदर संधू,उपदेश गोयल,पवन कुमार गर्ग,बृजलाल,राजू लाली,मुकेश गोयल,दीपक मित्तल,विनोद बंसल,दीपक बंसल,अजय जिंदल,विक्की सिंगला,लवकेश मित्तल आदि सदस्य मौजूद रहे।

# लाल डोरा क्षेत्र वासियों को जारी करें प्रॉपर्टी कार्ड, 30 अप्रैल तक पूरा करें प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणिकरण कार्य

## 92 विज्ञापन साईट ई-ऑक्शन के लिए पोर्टल पर की अपलोड,

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 08 अप्रैल।** जिला नगर आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सोमवार को शहर में चल रही विकास परियोजनाओं, प्रॉपर्टी आई.डी. स्व प्रमाणिकरण व आपत्ति, मुख्यमंत्री घोषणा, आवारा पशु मुक्त, विज्ञापन तथा अनाधिकृत कॉलोनी को पक्का करने जैसे विभिन्न बिन्दूओं को लेकर नगर निगम अधिकारियों तथा नगर पालिका सचिवों के साथ समीक्षा बैठक की।

**लाल डोरा क्षेत्र वासियों को वितरित करें प्रॉपर्टी कार्ड-** उन्होंने क्षेत्रीय कराधान अधिकारी तथा नगर पालिका सचिवों को निर्देश दिए कि लाल डोरा क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को प्रॉपर्टी कार्ड वितरण करने का कार्य तेजी से करें। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित भी किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि 30 अप्रैल 2025 तक प्रॉपर्टी आई.डी. को 100 प्रतिशत स्व-प्रमाणिकरण का लक्ष्य रखा गया है, इसे पूरा करें।

इसके लिए अलग से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। कितनी आई.डी. स्व-प्रमाणित की जा रही हैं, उसकी जानकारी रोजाना भेजी जाए।

**आपत्तियों का समय से किया जाए निपटान-** उन्होंने निर्देश दिए कि प्रॉपर्टी आई.डी. में दर्ज डाटा को दुरूस्त करवाने के लिए आई आपत्ति का समय से निपटान किया जाए। कोई भी आपत्ति आर.टी.एस. से बाहर नहीं जानी चाहिए। नगर निगम क्षेत्र में 500 तथा पालिका क्षेत्र में 100 से अधिक आपत्ति पोर्टल पर नहीं दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बिना वजह किसी भी आपत्ति का रिवर्ट नहीं करना है, दस्तावेजों की अच्छे से जांच की जाए।

**विकास परियोजनाएं हो समय पर पूरी-** उन्होंने कार्यकारी अभियंताओं तथा नगर पालिका इंजीनियरों को निर्देश दिए कि उनके अधीन क्षेत्र में जितनी भी विकास परियोजनाएं चल रही हैं, सभी टाईम लाईन में मुकम्मल करवाई जाएं। उन्होंने गुणवत्ता बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर कोई निर्माण एजेंसी सही से कार्य नहीं करती तो उसे ब्लैक लिस्ट किया जाए, ताकि वह दोबारा से कार्य न कर सके। उन्होंने बैठक में कॉमर्शियल स्पेस प्रोजेक्ट, स्काडा तथा दिव्य नगर योजना जैसी बड़ी परियोजनाओं पर भी अभियंताओं के साथ चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की घोषणाओं को भी समय पर करने के उन्होंने निर्देश दिए। जन संवाद व हरपथ पोर्टल पर आने वाली शिकायतों को भी गम्भीरता से लिया जाए।

**92 विज्ञापन साईट पोर्टल पर की अपलोड-** बैठक में जिला नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र की 92 विज्ञापन साईट को ई-ऑक्शन के लिए पोर्टल पर अपलोड किया गया है। इनमें बस क्यू शैल्टर की 16, साईकिल स्टैण्ड की 13 तथा यूनिपोल की 63 साईटें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी वैंडर अगर यह साईट लेना चाहता है, तो वह 28 अप्रैल 2025 तक ऑनलाईन पोर्टल ४ह्वु.स्र१ड्ढनीू३247.ल्ल पर आवेदन कर सकता है। एक मई को ई-ऑक्शन की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले यूनिपोल की 24 साईटों को ऑक्शन की जा चुकी है।

**अवैध विज्ञापन करने वालों पर करें कार्रवाई-** उन्होंने विज्ञापन शाखा के प्रवर्तन दल को सख्त निर्देश दिए कि अवैध विज्ञापन करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाए। उन्होंने कहा कि अवैध तरीके से शहर में कोई भी विज्ञापन नहीं लगना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति लगाता है, तो उसे जुमार्ना नोटिस जारी किया जाए। अगर वह फिर भी नहीं मानता, तो उसकी एफ.आई.आर. दर्ज करवाई जाए। उन्होंने कहा कि देखने में आया है कि हाल ही में करवाई गई पेंटिंग पर भी कुछ लोगों द्वारा पोस्टर इत्यादि लगाए गए हैं, उनकी भी एफ.आई.आर. करवाई जाए। उन्होंने कहा कि शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए नगर निगम कार्य करता है, उन्होंने शहरवासियों को इसमें सहयोग करने की अपील की।

**अमरूत 2.0 का कार्य जल्द किया जाए शुरू-** उन्होंने बताया कि अमरूत 2.0 का कार्य जन स्वास्थ्य विभाग की बजाए नगर निगम करेगा, इसे लेकर सरकार की ओर से निर्देश जारी हो गए हैं। उन्होंने निगम अभियंताओं को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द अपनी तैयारियां शुरू कर दी जाएं, ताकि शहरवासियों को सीवरेज व वाटर सप्लाई जैसी बेहतर सुविधाएं दी जा सकें।

**आवार पशु मुक्त हो शहर-** उन्होंने निगम के सफाई अधिकारियों व पालिका सचिवों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र को आवारा पशुओं से मुक्त किया जाए। इसे लेकर लगातार अभियान चलाया जाए। उन्होंने सफाई व्यवस्था पर भी जोर देते कहा कि सफाई कार्य अच्छे से चल रहा है, इसे ओर बेहतर बनाया जाए।

बैठक में मुख्य नगर योजनाकार धर्मपाल सिंह, कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण, मोनिका शर्मा व प्रियंका सैनी, तकनीकी विशेषज्ञ महीपाल सिंह व सतीश शर्मा, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, सहायक नगर योजानकार संदीप राठी, सफाई निरीक्षक, सहायक सफाई निरीक्षक तथा नगर पालिका सचिव मौजूद रहे।

# गर्मी व लू से बचाव के लिए एहतियात बरतें जिलावासी, आम नागरिक लू से बचाव के लिए एडवाइजरी की करें अनुपालना : डीसी प्रीति

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 08 अप्रैल।** जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी प्रीति ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने के बाद उसके इलाज से बेहतर है कि हम लू लगने से बचे रहें। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है। इसके साथ ही सभी विभाग भी गर्मी व हीट वेव के बचाव के लिए पूरी तैयारियां रखें और आमजन के साथ साथ पशुओं को भी हीट वेव से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

डीसी प्रीति ने आमजन से आह्वान किया कि वे सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचे रहें। उन्होंने बताया कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन




सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। डीसी ने कहा कि नंगे पांव बाहर न जाएं, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलिहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे के बीच धूप में सीधे न जाए। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं।

डीसी प्रीति ने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, यदि वे गर्मी से बेचैनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें। इसके साथ ही अपने जानवरों का भी लू से बचाव करें। उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें। यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें।

## विद्यार्थियों ने कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 08 अप्रैल।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के कुलसचिव डॉ. राजेश कुमार बांसल को छात्र नेता सतबीर साहनी व छात्र नेता सचिन तेतरवाल के नेतृत्व में विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर मांगपत्र सौंपा।

उन्होंने बताया कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कैंपस के अंदर ही पुलिस प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के चालान काटे जा रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया कि इससे पहले भी विवि प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है मगर विवि प्रशासन ने अभी तक विद्यार्थी हित को देखते हुए कोई कदम नहीं उठाए व विद्यार्थियों पर दबाव बनाया जा रहा है। विवि परिसर में मौजूद विद्यार्थियों के खड़े व्हीकल के चालान व विवि से संबद्ध 50 से अधिक कॉलेजों के विद्यार्थी विवि में रिजल्ट ब्रांच व अन्य काम से आते रहते हैं, जिसको विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश करते समय प्रताड़ित करना या उनसे झगड़ा करना, सिक्योरिटी गार्ड का काम बन गया है। तेतरवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय में व्हीकल के चालान करना व विवि परिसर में बिना परमिशन के पुलिस-प्रशासन का विश्वविद्यालय में प्रवेश करना वर्जित है, क्योंकि विश्वविद्यालय एक सार्वभौमिक ईकाई है, जहां किसी भी व्यक्ति की आवाजाही पर किसी प्रकार कि रोक नहीं है। ज्ञापन सौंपने वालों में छात्र श्रवण, मोनू, साहिल, घेणा बाजिया, अंकित, अनमोल, सुरेंद्र, यश रोहिल्ला, अर्जुन, विक्रम नैन व चंद्रपाल देहडू मौजूद थे।

## सभी अपने बच्चों को दो अच्छी शिक्षा और संस्कार : जंगीर सिसला

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 08 अप्रैल।** प्रसिद्ध समाजसेवी जंगीर सिसला ने कहा कि बच्चे समाज का भविष्य होते हैं। उनका विकास एक परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। बच्चों की शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उन्हें अच्छे संस्कार भी दिए जाने चाहिए ताकि वे समाज में एक अच्छे नागरिक बन सकें। शिक्षा और संस्कार दोनों का समन्वय बच्चों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जंगीर सिसला ने कहा कि शिक्षा और संस्कार दोनों का एक साथ होना बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार मिलते हैं, तो वे न केवल एक अच्छा इंसान बनते हैं, बल्कि समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होते हैं। समाजसेवी जंगीर सिसला ने कहा कि माता-पिता और शिक्षक दोनों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को शिक्षा और संस्कारों का सही मिश्रण प्रदान करें, ताकि वे न केवल खुद के लिए बल्कि समाज के लिए भी उपयोगी नागरिक बन सकें। शिक्षा से बच्चों में आत्मविश्वास और आत्म-प्रेरणा का विकास होता है। उन्हें अपनी ताकत और कमजोरियों का एहसास होता है, जो उनके आत्म-निर्णय क्षमता को बढ़ाता है। आज के प्रतिस्पर्धी दौर में शिक्षा का होना जरूरी है, क्योंकि यह बच्चों को न केवल नौकरी के अवसर देती है, बल्कि उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए भी प्रेरित करती है। समाजसेवी जंगीर सिसला ने कहा कि संस्कारों में सच्चाई, ईमानदारी, परिश्रम, आदर, सम्मान, और दया जैसे गुणों का समावेश होता है। जब बच्चे इन गुणों को अपनी आदतों में अपनाते हैं, तो वे न केवल अपने जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी प्रेरणा बनते हैं।



## गीतांजलि कालरा ने गवर्नमेंट कॉलेज डेराबस्सी की नई प्रिंसिपल का पदभार संभाला

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**डेराबस्सी, 08 अप्रैल।** गवर्नमेंट कॉलेज डेराबस्सी में आज गीतांजलि कालरा ने कॉलेज की नई प्रिंसिपल के रूप में पद का कार्यभार संभाला। वह पहले गवर्नमेंट कॉलेज (बॉयज), सेक्टर-11, चंडीगढ़ में अंग्रेजी के एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थे। गौरतलब है कि गीतांजलि कालरा के पास छात्रों को पढ़ाने का लगभग 30 वर्षों का विशाल अनुभव है, जिसमें से 18 वर्ष उन्होंने चंडीगढ़ के एक सरकारी कॉलेज में बिताए हैं। उनकी शैक्षणिक यात्रा छात्रों की शैक्षणिक विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है। नव-1 नियुक्त श्री गीतांजलि कालरा के आगमन के अवसर पर महाविद्यालय के तीनों शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया।



## विवाहिता की शिकायत पर पति के खिलाफ मामला दर्ज

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 08 अप्रैल।** महिला थाना पुलिस ने गांव मिठड़ी सुरेरां निवासी विवाहिता की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में प्रमिला पुत्री शीशपाल ने बताया कि उसका विवाह होशियार सिंह पुत्र कृष्ण लाल के साथ 5 दिसंबर 2018 को हुआ था। विवाह में उसके परिवारजनों ने अपने सामर्थ्य से बढकर दान दहेज दिया था। शादी में करीब 15 लाख रुपए खर्च किए थे। सोने-चांदी के आभूषण के अलावा फर्नीचर, वॉशिंग मशीन सहित तमाम घरेलू उपयोग का सामान दिया। शिकायत में बताया कि विवाह के कुछ दिन बाद ही ससुरालजनों ने दहेज को लेकर उसे ताने देने शुरू कर दिए कि दहेज में कार न देकर हमारी नाक कटवा दी। ससुरालजन दहेज में कार और नकदी के लिए उसे तंग करने लगे, उसके साथ मारपीट भी करने लगे। कई बार मारपीट की, जिस बारे पंचायत भी हुई। वहां पर गलती मान लेते लेकिन फिर से परेशान करने लगते। उसने आरोप लगाया कि ससुरालजनों ने उसे बंदी बनाकर रखना शुरू कर दिया। लेकिन वह हर जुर्म सहन करती रही ताकि उसका घर बसा रहें। जब उसने पुत्र को जन्म दिया तो उसके मायका पक्ष ने छुछक पर अपनी हैसियत अनुसार खर्च किया। लेकिन ससुरालजन छुछक में कार न मिलने से प्रताड़ित करने लगे। उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस बारे में पंचायत हुई लेकिन आरोपी दहेज में कार की मांग पर डटे हुए है।

# समाज के लिए ज्योतिबा फुले का योगदान महत्वपूर्ण : डॉ. वीरेन्द्र पाल

### कुवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 08 अप्रैल।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि समाज के लिए ज्योतिबा फुले का योगदान महत्वपूर्ण था, और उनके विचार आधुनिक भारत को प्रभावित करते रहे। उन्होंने पारंपरिक जाति व्यवस्था को चुनौती दी और सामाजिक समानता और न्याय का आह्वान किया। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर, इतिहास विभाग द्वारा सत्य धर्म की ओर ज्योतिराव फुले, उनके सुधार आंदोलन और विरासत का मूल्यांकन विषय पर भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय



राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन अवसर पर बोल रहे थे। रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय, कलकत्ता से आए पैनलिस्ट प्रो. हितेन्द्र पटेल ने कहा कि महात्मा उन्हें कहा जाता है जिनका मूल्य उनकी मृत्यु के बाद बढ़ जाता है। सत्य को लेकर जो धर्म बनेगा वही सत्यधर्म होगा। तकनीकी सत्र की अध्यक्षता करते हुए इंदिरा सूर्यवंशी, उस्मानिया यूनिवर्सिटी, हैदराबाद ने कहा कि गुलामगिरी से आजादी मिले तभी वास्तविक आजादी होगी नहीं तो हम वापिस उसी शोषणकारी समाज में पहुंच जाएंगे। डॉ. वीरेन्द्र ढिल्लन, महाराजा अग्रसेन कॉलेज जगाधरी ने दलित विशेषकर महार रेजीमेंट के सैनिकों की वीरता की बात की। प्रो. एसएम वाघ ने कहा कि हमें शिवाजी के राज्याभिषेक में भी जातीय भेदभाव देखने को मिलता है। प्रो. एसके चहल ने संगोष्ठी के बारे में विस्तार से बताया व सभी अतिथियों व शोधार्थियों को बधाई दी। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रो. सुभाष सैनी ने महात्मा फुले किस प्रकार फुले बने इस पर प्रकाश डाला।

उन्होंने महात्मा फुले के चार भाषाओं का वर्णन किया जिन्हें 1856 में सावित्री बाई फुले ने छपवाया। उन्होंने कहा कि फुले कहते थे कि यदि डार्विन के सिद्धांत को मान लिया जाए तो सभी धर्मों में मानव उत्पत्ति के सिद्धान्तों का खंडन हो जाएगा। मंच संचालन डॉ. धर्मवीर ने किया।

# सहरयारपुर के प्ले स्कूल आंगन बाड़ी केंद्र में रिडीनेस मेले का आयोजन

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**बहल, 08 अप्रैल।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में खंड के गांव सहरयारपुर के प्ले स्कूल (आंगन बाड़ी केंद्र) में रिडीनेस मेले का आयोजन किया गया और नौनिहालों के सर्वांगीण विकास को लेकर अभिभावकों को प्रेरित किया गया। प्ले स्कूल में अधिक से अधिक बच्चों को दाखिल करवा कर समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व सुविधाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया गया। खंड की सुपरवाइजर वंदना ने अभिभावकों से अपील की कि वह बच्चों के बचपन को बचपन की तरह खेलने खाने को खुला आंगनबाड़ी केंद्र के प्ले स्कूलों में छोड़े। बचपन का खुलापन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण




होता है। रेडीनेस मिलेगा शुभारंभ रिबन काटकर सरपंच मंजीत देवी सहरयारपुर ने किया तथा अध्यक्षता सुपरवाइजर वंदना ने की। इस अवसर पर सुपरवाइजर ने बताया कि प्री स्कूल के दौरान बच्चे क्लास में कविता, कहानी, रोल प्ले, गाने गाना, प्रार्थना करना जैसी मौखिक गतिविधियों में शामिल होने से काफी मददगार साबित होती हैं। यह सभी एक्टिविटीज उनकी पर्सनालिटी को बेहतर बनाने में मदद करती हैं और इससे बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होता है। प्ले स्कूल की संचालिका एवं कार्यकर्ता सिलोचना लांबा ने कहा कि प्ले स्कूल बच्चों के बचपन को साकार बना रहे हैं।

खेलों से बच्चों के सर्वांगीण विकास, शारीरिक व बौद्धिक विकास सामाजिक और भावनात्मक, रचनात्मक विकास के साथ भाषा के विकास में भी सार्थक साबित हो रहें हैं। इस अवसर पर प्ले स्कूल की शिक्षिका सिलोचना लांबा, महिला पंच मोनिका लांबा, अंशु पूनिया, सुमनलता, शिक्षिका दर्शन व पूनम, एसएमएस की प्रधान बबीता, सुनीता, आशा वर्कर मोनिका, अभिभावक अनीता, सुनीता, मंजू देवी, स्वाति, संतोष, किताबो, लक्ष्मी, भगवती, पूनम, सुमित्रा, यशिका व शारदा सहित अनेकों महिलाएं व प्ले स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।

## जादूगर शंकर को सिरसा में जादू के शो के लिए किया आमंत्रित

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 08 अप्रैल।** श्री राधे निष्काम सेवा मंच के मुख्य प्रेरक समाजसेवी सुमन मित्तल ने विश्व प्रसिद्ध जादूगर सम्राट शंकर से मुलाकात की और उन्हें सिरसा में जादू का शो करने के लिए आग्रह किया।

सुमन मित्तल ने बताया कि जादूगर सम्राट शंकर अब तक देश विदेश में जादू के 30 हजार से अधिक शो कर चुके हैं जिनमें से 20 हजार से अधिक शो जरूरतमंदों की सहायता के लिए किए हैं। वो जादू की कला



के माध्यम से न केवल मनोरंजन करते हैं बल्कि समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार करते हुए लोगों को विभिन्न बुराइयों के विरुद्ध जागृत भी करते हैं। उसके अतिरिक्त योग के प्रचार प्रसार में भी उनका योगदान अमूल्य है। इस अवसर पर सुमन मित्तल के साथ उनकी धर्मपत्नी दिव्या मित्तल, समाजसेवी नरेश धमीजा, सुमन धमीजा, बाबूराम मित्तल, राजन ग्रोवर, मनोज मित्तल, एमपी गर्ग उपस्थित रहे। जादूगर सम्राट शंकर ने सिरसा में शो के लिए उनके निवेदन पर शीघ्र विचार करने का आश्वासन दिया।

# सांसद नवीन जिन्दल की ओर से पुंडरी विधानसभा में नवीन संकल्प शिविर आयोजित किया गया

### संकल्प शिविर का उद्देश्य है: सबका साथ-सबका विकास : अरविंद गोलन पुंडरी

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 08 अप्रैल।** सांसद कुरुक्षेत्र लोकसभा से नवीन जिन्दल की ओर से कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नवीन संकल्प शिविरों का लगातार सफल आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पात्र नागरिकों की सरकारी कागजातो की खामियां दूर कर, सरकारी योजनाओं का लाभ देने का सहरानिय काम लगातार किया जाता रहा है।

कार्यालय प्रभारी शंकर गोयल ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के पात्र, अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करना है। ये संकल्प शिविर नियमित रूप से कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में लगातार आयोजित किये जा रहे हैं।



नवीन जिन्दल फाउंडेशन कैंप का शुभारंभ विजय सरपंच बरसाना ने किया। गोलन ने बताया कि आज के नवीन संकल्प शिविर में 14 लोगों को कागजात और नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 127 लोगों को निःशुल्क परामर्श और दवाइयां दी गई जबकि 23 लोगों के निःशुल्क टेस्ट किए गए। उन्होंने बताया कि सांसद जिन्दल का प्रयास है कि कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति नवीन जिन्दल फाउंडेशन के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि समाज सेवी सांसद नवीन जिंदल लगातार जनहित सामाजिक व मानव हित के कार्य करते रहे हैं इस प्रकार के कार्य उनके लिए राजनीतिक कार्य न होकर सामाजिक व मानवीय कार्य होते हैं। इस प्रकार के जनहित के कार्य से उन्हें लगातार बुजुर्गों, माताओं का आशीर्वाद मिलता रहता है।

**अरविंद गोलन ने कहा कि संकल्प शिविर का उद्देश्य, सबका साथ-सबका विकास है।**

संसदीय क्षेत्र के लोगों की इस प्रकार बिना किसी लोभ लालच के निरंतर सेवा करने से नवीन जिंदल लगातार मानव हित के कार्य कर रहे हैं।

इस मौके पर राहुल शर्मा,सुमित ,डॉ बलिंद्र,नितिन, काजल पूर्व मंडल अध्यक्ष देवीदयाल बरसाना ,चमेल सिंह नंबरदार व अन्य मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद द्वारा माँ की रसोई में की गयी लंगर सेवा

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**
**रतिया, 08 अप्रैल।** भारत विकास परिषद शाखा रतिया द्वारा परिषद के वरिष्ठ सदस्य श्री भगवान दास खिल्ली जी के पिता सेठ ओम प्रकाश गर्ग जी की बरसी पर गर्ग परिवार के सहयोग से लंगर सेवा की चलाई गई ।यह जानकारी शाखा सेवा प्रमुख जनक राज गोयल ने बताया कि इस तरह की लंगर सेवा एवं सेवा के प्रकल्प शाखा द्वारा समय समय पर लगाए जाएँगे । इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष राज कुमार सिंगला , सारंकश डॉक्टर नरेश गोयल , सोहन लाल तनेजा , बसंत लाल बतरा , संदीप जैन सुरेश तनेजा , सतीश खन्ना , विपिन गोयल , भगवान दास खिल्ली , राम आश्रम कमेटी से सुभाष सिंगला , सतीश कुमार एवं माँ की रसोई के सभी सदस्य उपसिथित थे ।

## सुखमनी साहिब पाठ के साथ हुआ क्रिसेंट पब्लिक स्कूल के नए शैक्षणिक सत्र का आरंभ

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**
**रतिया, 08 अप्रैल।** क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, रतिया में सत्र 2025-26 की शुरूआत सुखमनी साहिब के पाठ के साथ की गई। नए सत्र की शुरूआत पर गुरुओं का आशीर्वाद लिया गया। विद्यार्थियों ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष माथा टेका। इस दौरान बच्चों ने पवित्र श्लोक का पाठ भी किया। हारमोनियम पर रिधम बजाते हुये विद्यार्थियों द्वारा किये गये प्रभु कीर्तन ने सबको भाव विभोर कर दिया।

पाठ के दौरान छात्रों, शिक्षकों और अन्य स्कूल स्टॉफ की सक्रिय भागीदारी देखी गई, आध्यात्मिक पाठ के बाद अरदास की गई और कढा प्रसाद का वितरण किया गया, जिससे सकारात्मकता और एकता की भावना को बढ़ावा मिला।स्कूल प्रबंधन ने नए सत्र की सफलता के लिए स्टाफ और छात्रों को शुभकामनाएं दीं। स्कूल प्रिंसिपल आदेश शर्मा ने कहा कि क्रिसेंट पब्लिक स्कूल आध्यात्मिक मूल्यों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ जोड़कर समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## गेहूं खरीद शुरू होने से किसानों ने ली राहत की सांस, पहले दिन हैफेड ने खरीदी करीब 850 क्विंटल गेहूं

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**इस्माईलाबाद, 08 अप्रैल।** सरकार द्वारा एक अप्रैल से गेहूं खरीद के ऐलान के बाद आखिरकार सात दिन बाद मंगलवार को खरीद एजेंसी हैफेड द्वारा गेहूं खरीद का कार्य शुरू कर दिया गया है। खरीद शुरू होने से किसानों ने राहत की सांस ली। मंगलवार को हैफेड इंस्पेक्टर राजपाल की अध्यक्षता में एजेंसी द्वारा गेहूं खरीद का कार्य शुरू कर दिया गया है। पहले दिन खरीद एजेंसी ने करीब 850 क्विंटल गेहूं की खरीद की। इंस्पेक्टर राजपाल ने कहा कि मंगलवार को अनाज मंडी में करीब 2200 क्विंटल गेहूं की आवक हुई। उन्होंने कहा कि इस समय जो गेहूं अनाज मंडी में आ रही है। उसमें नमी की मात्रा अधिक आ रही है। जिसके चलते खरीद का कार्य धीमी गति से हो रहा है। अनाज मंडी में जो गेहूं सरकारी मापदंडों पर खरा पाया गया है उसकी तुरंत प्रभाव से खरीद कर ली गई है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि जल्दबाजी के चक्कर में नमी युक्त गेहूं न कटवाए। मंडी में नमी युक्त गेहूं आने से जहां खरीद का कार्य प्रभावित हो रही है वहीं गेहूं खरीद सुचारू रूप से न होने पर किसानों को भी काफी परेशानी के साथ आर्थिक नुकसान भी होता है। उन्होंने कहा कि किसान सूखा व साफ सुथरा गेहूं ही मंडी में लेकर आए ताकि खरीद को लेकर कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि किसानों के गेहूं का एक दाना सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। इस अवसर पर मार्केट कमेटी सचिव अंकुर ठकराल, हैफेड इंस्पेक्टर राजपाल, मंडी प्रधान टोनी कंसल, महिंद्र थांदडो, बृजलाल बंसल, कुलदीपक कौशल, शेखर, धर्मवीर सिंह तथा काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## सरलता में जीवन का आनंद है :सुरक्षा जी महाराज

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**
**रतिया, 08 अप्रैल।** अनाजमंडी रोड स्थित जैन स्थानक में प्रवचन करते हुए श्री संयम प्रभा कमल जी महाराज की सुशिष्या श्री सुरक्षा जी महाराज ने कहा कि सरलता साधना का मंत्र है। सरलता के द्वारा ही जीवन जीने की कला प्राप्त होती है। सरलता में जीवन का आनंद है। सरलता के द्वारा धर्म साधना ही नहीं बल्कि साक्षात भगवान के दर्शन किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में इंसान कैसे बने। जीवन का निर्माण कैसे करें। जिस मनुष्य को जीवन जीने की कला का ज्ञान हो जाता है वह अपने जीवन को निश्चित ही सफल बना लेता है। उन्होंने कहा कि सरलता इंसान बनने का चतुर्थ गुण है। दया, गुणग्राही दृष्टि पाप से बचने के पश्चात सरलता को जीवन का परम मंत्र निरुपित किया गया है। जहां सरलता होती है वहां नैतिकता ईमानदारी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि छल-कपट युक्त जीवन में धर्म-ध्यान,साधना सफल नहीं हो सकती। सभा के प्रवक्ता ने बताया कि जैन स्थानक अनाज मंडी रोड रतिया में विराजमान श्री संयम प्रभा कमल जी महाराज की सुशिष्या श्री सुरक्षा जी महाराज 9 अप्रैल को सुबह 8.15 बजे से लेकर 9.15 बजे तक विशेष प्रवचन किए जाएंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से प्रवचन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग ले और धर्म की शोभा बढ़ाने की अपील की।

## मात-पिता मंदिर में मात-पिता पूजन दिवस 10 अप्रैल को

**हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार**
**चंडीगढ़, 08 अप्रैल।** मोहाली जिले के बनूड़-अंबाला रोड पर खल्लौर गांव में दुनिया के पहले और एकमात्र निमार्णाधीन मात-पिता मंदिर में 10 अप्रैल को मात-पिता पूजन दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। स्वामी श्री अखिलेश्वरानंद गिरि जी महाराज मुख्य अतिथि होंगे, जबकि वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जाजू विशिष्ट अतिथि होंगे। एसबीएस और हारमनी ग्रुप ऑफ कॉलेज के अध्यक्ष धर्मपाल बंसल और अग्रोहा विकास ट्रस्ट पंजाब के मुख्य संरक्षक श्री शाम लाल सिंगला विशेष अतिथि होंगे।मंगलवार को यहां पत्रकार वार्ता के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए माता-पिता गोधाम महातीर्थ के संस्थापक गोचर दास ज्ञान चंद वालिया ने बताया कि इस अवसर पर अखिल भारतीय गौ कथा वाचक के श्री चंद्रकांत अपने प्रेरणादायी विचार साझा करेंगे तथा भजन गायक प्रवीन वाधवा अपने मधुर भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत नंदिनी गौ महायज्ञ के साथ होगी, जिसके बाद माता पिता पूजन होगा। इस अवसर पर रंग भरने की प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। संस्कार ज्योति द्वारा रंग भरने की प्रतियोगिता फरवरी में स्कूली स्तर पर भावी पीढ़ी में माता-पिता और बड़ों के प्रति सम्मान की भावना पैदा करने की एक अनूठी पहल के तहत शुरू की गई थी। हमारे युवा मन में संस्कारों के बीज बोने की इस पहल के तहत 11 स्कूलों को चित्र सौंपे गए, जिसमें छात्रों को उनके माता-पिता और शिक्षकों की मदद से चित्र के पीछे की कहानी को समझते हुए चित्रों में रंग भरने और 3-5 पंक्तियों में विवरण लिखने के लिए कहा गया था।



## बुलेट बाइक का पटाखे बजाने पर काटा दस हजार का चालान

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 08 अप्रैल।** कालांवाली यातायात थाना पुलिस ने बुलेट बाइक से पटाखे बजाने पर दस हजार रुपए का चालान किया। साथ ही मौके पर ही बुलेट का साइलेंसर उतरवाया। कालांवाली यातायात थाना उप निरीक्षक भूप सिंह ने बताया कि चालकों द्वारा मोटर वाहन अधिनियम का पालन न करने वाले ट्रिपल राइडिंग,बिना हेलमेट, लाइन चेंज, रॉन्ग पार्किंग, सीट बेल्ट, बिना नंबर प्लेट, बिना पैटर्न नंबर प्लेट चालान किए गए है।

## संपादक की कलम से

# विवाद से न्यायपालिका की छवि को धक्का

संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर संविधान के संरक्षक कहे जाने वाले जज अग्निपरीक्षा के दौर से गुजर रहे हैं. तमिलनाडु में सात रुपये का हिसाब नहीं देने पर भ्रष्टाचार मानते हुए रोडवेज बस के कंडक्टर को बर्खास्त कर दिया गया था. पर अब करोड़ों रुपये की नकदी के जलने और सबूतों को नष्ट करने के मामले में पुलिस, जज और सरकार के मौन से लोगों में बहुत आक्रोश है. जांच समिति के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस के पांच अधिकारियों के फोन जब्त कर लिये गये हैं. लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय के जज यशवंत वर्मा, उनके परिवारजन, स्टाफ और अन्य लोगों के मोबाइल फोन जब्त करने के कोई समाचार नहीं हैं. जबकि संवैधानिक सुरक्षा और सम्मान हासिल करने वाले जजों की आम जनता से ज्यादा जवाबदेही होनी चाहिए. विदित हो कि जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास के एक स्टोर रूम में 14 मार्च को आग लगी थी. इस दौरान उनके घर से बड़ी मात्रा में कैश मिला था.

उधर पंचनामा नहीं बनने की वजह से अहम सबूत गायब हो गये, जिससे कई महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर नहीं मिल पा रहे हैं. इस घटना का वीडियो किसने बनाया और एक सप्ताह तक पुलिस, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में चुप्पी क्यों साधी? आगजनी के बाद कमरे और परिसर को सील क्यों नहीं किया गया? अगले दिन किसके आदेश से अधजली बोरियों का मलबा हटाया गया? वीडियो के साथ सीसीटीवी फुटेज क्यों नहीं जारी किये गये? इस मामले से जुड़ी कई कानूनी पेचीदगियों पर भी बहस हो रही है. क्या जजों को आपराधिक मामलों में भी संवैधानिक सुरक्षा हासिल है? अगर कोई साजिश है, तो उसके खिलाफ जस्टिस वर्मा खुलकर शिकायत क्यों नहीं कर रहे? जांच रिपोर्ट से जज यदि दोषी पाये गये, तो उन्हें कब और कैसे दंडित किया जायेगा? संविधान के अनुसार, राष्ट्रपति और राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज नहीं हो सकता? लेकिन जजों को पुरानी आइपीसी और नये बीएनएस कानून के तहत सीमित कानूनी सुरक्षा हासिल है. इसके अनुसार, न्यायिक कार्यों के मामले में जजों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज नहीं हो सकता. सर्वोच्च न्यायालय के एक निर्णय से भी जजों को अतिरिक्त सुरक्षा कवर मिला हुआ है. इसीलिए चीफ जस्टिस की मंजूरी के बगैर जजों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं हो सकती. इस सुरक्षा कवच में चीफ जस्टिस की मंजूरी नहीं मिलने से भ्रष्टाचार के अनेक मामलों में रिटायरमेंट के बाद भी जजों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज नहीं हो पाता.

भ्रष्टाचार के बढ़ते कैंसर से निपटने के लिए अन्ना आंदोलन के बाद लोकपाल कानून बनाया गया था. लोकपाल के निर्णय के अनुसार, हाईकोर्ट के जजों को लोक सेवक मानते हुए भ्रष्टाचार के मामलों की प्राथमिक जांच हो सकती है. लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए लोकपाल के उस आदेश पर रोक लगा दी है. संविधान में महाभियोग की प्रक्रिया इतनी कठिन है कि संविधान लागू होने के 75 वर्ष बाद भी अभी तक किसी जज को महाभियोग के अनुसार नहीं हटाया गया है. इसमें भी पेंच लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक निर्णय दिया कि महाभियोग के पहले जज के खिलाफ आंतरिक जांच जरूरी है. इलाहाबाद हाईकोर्ट के ही दो जजों को आंतरिक जांच में भ्रष्टाचार के लिए दोषी पाया गया था. लेकिन उनके खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई नहीं हुई और उन्होंने त्यागपत्र भी नहीं दिया.

उधर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने सीबीआइ और इडी जांच के साथ जज के पुराने फैसलों के रिव्यू की मांग की है. लेकिन बार अध्यक्ष ने जो जस्टिस वर्मा के घर से 15 करोड़ की रकम मिलने का दावा किया है, उसके स्रोत और विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं. जस्टिस वर्मा ने मामले को साजिश बताते हुए यह सफाई दी है कि जिस स्टोर रूम में आग लगी, वह उनके आवास का हिस्सा नहीं था. जस्टिस वर्मा के अनुसार, तीन महीने पहले भी सीबीआइ के पुराने मामले में उनकी छवि खराब करने के लिए सोशल मीडिया में प्रयास हुए थे. जस्टिस वर्मा के खिलाफ चीफ जस्टिस की मंजूरी के बगैर एफआइआर दर्ज नहीं हो सकती. लेकिन उनके खिलाफ यदि कोई साजिश हुई है, तो उन्हें पुलिस में शिकायत दर्ज करा जांच की मांग करनी चाहिए. यदि बाहरी लोगों ने जज के स्टोर रूम में पैसा रखा है, तो चीफ जस्टिस सीबीआइ और इडी को जांच की मंजूरी भी दे सकते हैं. यह एक उलझन भरा जटिल मामला बन गया है. पुलिस में अभी तक कोई एफआइआर दर्ज नहीं होने के बावजूद सीडीआर, सीसीटीवी अन्य दूसरे बिंदुओं पर आंतरिक जांच समिति की मदद कर रहे हैं. ऐसे में यह आंतरिक जांच की बजाय तीन जजों के सुपरविजन में पुलिस और दूसरी एजेंसियों की एसआइटी जांच जैसी मानी जा सकती है. तीन वर्ष पहले कानून मंत्री ने संसद में जानकारी दी थी कि जजों और न्यायपालिका के खिलाफ 1,631 से अधिक शिकायतें दर्ज हुई हैं।

## डायबिटीज होने के बाद क्यों होता है जोड़ों में दर्द, क्या है इलाज?

भारत में आज डायबिटीज एक कॉमन बीमारी होती जा रही है. बहुत से लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं और जब शरीर में कोई बीमारी लंबे समय तक रहती है तो उसका असर धीरे-धीरे बाकी अंगों पर भी दिखने लगता है.अक्सर डायबिटिक मरीज ये शिकायत करते हैं कि उनके घुटनों, कंधों या कमर में दर्द रहने लगा है. ऐसे में एक सवाल मन में जरूर आता है कि क्या डायबिटीज और जोड़ों के दर्द का कोई संबंध है?

डायबिटीज सिर्फ ब्लड शुगर बढ़ने की बीमारी नहीं है. ये एक ऐसी स्थिति है जो धीरे-धीरे पूरे शरीर पर असर डालती है. जब ब्लड में शुगर का लेवल लगातार ज्यादा बना रहता है तो शरीर की नसों, मांसपेशियों और जोड़ों पर इसका असर दिखने लगता है. खासतौर से अगर डायबिटीज लंबे समय से है और ठीक से कंट्रोल नहीं की जा रही तो जोड़ सख्त होने लगते हैं, उनमें सूजन आने लगती है और दर्द भी बना रहता है.

**क्या है डायबिटीज और जोड़ों के दर्द का कनेक्शन**

शरीर में इंसुलिन की कमी या इंसुलिन का असर न दिखाना मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करता है. इस वजह से शरीर के टिशूज (ऊतक) सही से काम नहीं कर पाते और खासतौर से जोड़ों के आस-पास की मांसपेशियां और लुब्रिकेशन (जो जोड़ को आसानी से हिलने-डुलने में मदद करता है) कम होने लगता है. यही कारण है कि डायबिटीज वाले लोगों को अक्सर घुटनों में अकड़न, पीठ में खिंचाव या उंगलियों में जकड़न महसूस होने लगती है.

**कौन-कौन से दर्द होते हैं डायबिटीज में आम?**

डायबिटीज के चलते कुछ खास तरह के जोड़ों और मांसपेशियों से जुड़े दर्द आम हो जाते हैं. सबसे ज्यादा शिकायत फ्रोजन शोल्डर की होती है. इसमें कंधा हिलाने में दिक्कत होती है और बहुत दर्द रहता है. इसके अलावा डायबेटिक न्यूरोपैथी नाम की समस्या में नसों में जलन, झनझनाहट और दर्द हो सकता है, खासकर पैरों में. कई बार उंगलियों की गांठें सख्त हो जाती हैं, उन्हें मोड़ना मुश्किल हो जाता है. इसे मेडिकल भाषा में ड्यूप्यूट्रेन कॉन्ट्रैक्चर कहा जाता है. पैरों में भी जोड़ अकड़ने लगते हैं, जिससे चलना मुश्किल हो जाता है.

**डायबिटीज के चलते क्यों बिगड़ता है जोड़ों का हाल?**

डायबिटीज का असर हमारी ब्लड वेसल्स पर पड़ता है. जब नसों में खून का बहाव ठीक से नहीं हो पाता, तो टिशूज को ऑक्सीजन और जरूरी पोषक तत्व नहीं मिल पाते. इससे सूजन और जकड़न बढ़ती है. वहीं, हाई ब्लड शुगर की वजह से शरीर में सूजन बढ़ाने वाले केमिकल्स भी एक्टिव हो जाते हैं, जिससे जोड़ और मांसपेशियां और ज्यादा प्रभावित होती हैं. एक और कारण है कि डायबिटीज में शरीर की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है. इससे छोटे-छोटे दर्द भी लंबे समय तक बने रहते हैं और ठीक होने में वक्त लगता है.

# स्वास्थ्य के प्रति करना होगा जागरूक

**रमेश सर्राफ धमोरा**

स्वास्थ्य हमारे जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इंसान जब तक स्वस्थ रहता है तब तक उसमें कार्य करने की क्षमता बनी रहती है। जब वह अस्वस्थ होने लगता है तो उसके कार्य करने की क्षमता भी कमजोर पड़ने लगती है। इसीलिए हमारे बुजुर्ग कहा करते थे कि पहला सुख निरोगी काया। यानी शरीर स्वस्थ रहने पर ही सबसे पहला सुख मिलता है। आज के दौर में खानपान में लापरवाही के चलते अधिकतर व्यक्ति किसी ने किसी बीमारी से ग्रसित रहने लगे हैं। इससे उनके कार्य क्षमता में भी कमी आई है। मनुष्य के अस्वस्थ होने पर उसके उपचार पर पैसे खर्च होते हैं जिससे उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने लगती है। इसके साथ ही बीमार व्यक्ति का पूरा परिवार भी उसकी बीमारी के चलते तनाव में रहने लगता है। भागम-भाग के दौर वाली आज की जिंदगी में जो व्यक्ति अपना स्वास्थ्य सही रख पाता है। वह कम कमा कर भी सबसे अधिक सुखी रह सकता है। इसलिए हमें सबसे अधिक अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए।



आज दुनिया भर में मनुष्य के स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी दुनिया के देशों को समय-समय पर चेतावनी देता रहता है। कुछ वर्ष पूर्व आई कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया था। मगर वैज्ञानिकों की तत्परता से वैक्सीन निर्माण होने के चलते वह नियंत्रण में आ गई थी। मगर भविष्य में भी ऐसी कोई गारंटी नहीं है कि कोरोना जैसी महामारी फिर नहीं आए। कभी भी कोई नई महामारी आ सकती है। इसलिए हमें हमारे खानपान, रहन-सहन व वातावरण में सावधानी बरतनी चाहिए ताकि हम बेवजह की बीमारियों से बच सके।

स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रति वर्ष 7 अप्रैल को पूरी दुनिया में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे विश्व स्वास्थ्य संगठन का मकसद दुनियाभर में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। साथ ही साथ सरकारों को स्वास्थ्य नीतियों के निर्माण के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करना। वर्तमान में इस संगठन के बैनर तले 195 से अधिक देश अपने-अपने देश के नागरिकों को रोगमुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने की शुरूआत 1950 से हुई। वैश्विक आधार पर स्वास्थ्य से जुड़े सभी मुद्दे को विश्व स्वास्थ्य दिवस लक्ष्य बनाता है। जिसके लिये कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा अंतरर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रकार के खास विषय पर आधारित कार्यक्रम इसमें आयोजित होते हैं। पूरे साल भर के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिये और उत्सव को चलाने के लिये एक खास विषय का चुनाव किया जाता है। वर्ष 2025 में विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है स्वस्थ शुरूआत, आशावादी भविष्य। यह विषय माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और जीवन को बढ़ाने पर केंद्रित है। जिसका लक्ष्य परिहार्य मातृ और शिशु मृत्यु के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आधे भारतीयों की आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच ही नहीं है। जबकि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने वाले लोग अपनी आय का 10 फीसदी से ज्यादा इलाज पर ही खर्च कर रहे हैं। वैश्विक साइबर सुरक्षा सूचकांक (जीसीआई) 2024 में भारत का स्कोर 98.49/100 रहा है। यह स्कोर अमेरिका, जापान, और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ भारत को टियर 1 में रखता है। वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा सूचकांक 2024 के अनुसार भारत 42.8 के समग्र सूचकांक स्कोर के साथ 195 देशों में से 66वें स्थान पर है और 2019 से -0.8 का परिवर्तन है। 2021 में दुनिया भर के देशों की स्वास्थ्य प्रणालियों की रैंकिंग के अनुसार, स्वास्थ्य सूचकांक स्कोर के आधार पर भारत 167 देशों में से 111वें स्थान पर था।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार तीन साल की अवस्था वाले 3.88 प्रतिशत बच्चों का विकास अपनी उम्र के हिसाब से नहीं हो सकी है और 46 प्रतिशत बच्चे अपनी अवस्था की तुलना में कम वजन के हैं, जबकि 79.2 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से पीड़ित हैं। गर्भवती महिलाओं में एनीमिया 50 से 58 प्रतिशत बढ़ा है। कहा जाता है कि जिस देश कि चिकित्सा सुविधाएं बेहतर होगी उस देश के लोगों कि औसत आयु उतनी ही अधिक होगी। भारतवासियों को यह जानकर हैरानी होगी कि औसत आयु के मामले में बांग्लादेश भारत से आगे है। भारत में औसत आयु जहां 64.6 वर्ष मानी गई है, वहीं बांग्लादेश में यह 66.9 वर्ष है। इसके अलावा भारत में कम वजन वाले बच्चों का अनुपात 43.5 प्रतिशत है और प्रजनन क्षमता की दर 2.7 प्रतिशत है, जबकि पांच वर्षों से कम अवस्था वाले बच्चों की मृत्यु दर 66 है और शिशु मृत्यु दर जन्म लेने वाले प्रति हजार बच्चों में 41 है जबकि 66 प्रतिशत बच्चों को डीपीटी का टीका देना पड़ता है।

भारतीय स्वास्थ्य रिपोर्ट के मुताबिक सार्वजनिक स्वास्थ्य की सेवाएं अभी भी पूरी तरह से मुफ्त नहीं है और जो है उनकी हालत अच्छी नहीं है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रशिक्षित लोगों की काफी कमी है। भारत में डॉक्टर और आबादी का अनुपात भी संतोषजनक नहीं है। हमारे देश में 1000 लोगों पर एक डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं है। अस्पतालों में बिस्तर की उपलब्धता भी काफी कम है और केवल 28 प्रतिशत लोग ही बेहतर साफ-सफाई का ध्यान रखते हैं। पिछले कुछ सालों में हमारे देश में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का प्रभाव बढ़ा है। साथ ही मधुमेह, हृदय रोग, क्षय रोग, मोटापा, तनाव की चपेट में भी लोग बड़ी संख्या में आ रहे हैं। महिलाओं में स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर का खतरा बढ़ा है। ये बीमारियां बड़ी तादाद में उनकी मौत का कारण बन रही हैं। ग्रामीण तबके में देश की अधिकतर आबादी उचित खानपान के अभाव में कुपोषण की शिकार हो रही है। महिलाओं, बच्चों में कुपोषण का स्तर अधिक देखा गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रति 10 में से सात बच्चे एनीमिया से पीड़ित हैं। वहीं महिलाओं की 36 प्रतिशत आबादी कुपोषण की शिकार है।

भारत में इलाज पर अपनी जेब से खर्च करने वाले पीड़ित लोगों की संख्या ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी की संयुक्त आबादी से भी अधिक है। भारत की तुलना में इलाज पर अपनी आय का 10 फीसदी से अधिक खर्च करने वाले लोगों का देश की कुल जनसंख्या में प्रतिशत श्रीलंका में 2.9 फीसदी, ब्रिटेन में 1.6 फीसदी, अमेरिका में 4.8 फीसदी और चीन में 17.7 फीसदी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अभी भी बहुत से लोग ऐसी बीमारियों से मर रहे है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में बताया गया कि देश की आबादी का 3.9 फीसदी यानी 5.1 करोड़ भारतीय अपने घरेलू बजटा का एक चौथाई से ज्यादा खर्च इलाज पर ही कर देते हैं। जबकि श्रीलंका में ऐसी आबादी महज 0.1 फीसदी है, ब्रिटेन में 0.5 फीसदी, अमेरिका में 0.8 फीसदी और चीन में 4.8 फीसदी हैं। इलाज पर अपनी आय का 10 फीसदी से ज्यादा खर्च करने वाली आबादी का वैश्विक औसत 11.7 फीसदी है। इनमें 2.6 फीसदी लोग अपनी आय का 25 फीसदी से ज्यादा हिस्सा इलाज पर खर्च करते हैं और दुनिया के करीब 1.4 फीसदी लोग इलाज पर खर्च करने के कारण ही अत्यंत गरीबी का शिकार हो जाते हैं।

देश के ग्रामीण अंचल में जब तक सही व समुचित स्वास्थ्य सेवाऐं उपलब्ध नहीं हो पायेगी तब तक भारत में सबको स्वास्थ्य की योजना पूरी नहीं हागी। आज देश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा की स्थिति बड़ी भयावह है। आये दिन समाचार पढ? को मिलते हैं कि एम्बुलेन्स के अभाव में मृतक को साईकिल पर बांधकर घर तक लाना पड़ता है। गांवो में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में लोगों को तांत्रिको के चक्कर लगाते देखा जा सकता है। निजी चिकित्सक भी कमाई के चक्कर में शहरों में ही काम करना पसन्द करते हैं। जब तक गांवो की तरफ ध्यान नहीं दिया जायेगा तब तक भारत में सबको स्वास्थ्य का सपना पूरा नहीं हो पायेगा।

**आलेखः-**
**रमेश सर्राफ धमोरा**
**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

## शाहबाद के जंगल को बचाने जुटे स्थानीय नागरिक

**(नीलम आहुलवालिया-विभूति फीचर्स)**

राजस्थान के प्राचीन शाहाबाद जंगल को कटने से बचाने के लिए नागरिकों ने प्रधानमंत्री मोदी से अपील की है।

राजस्थान के बारां जिले के स्थानीय लोगों ने 500 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिये ज्ञापन दिया है, ताकि प्राचीन, जैव विविधता से भरपूर शाहबाद के जंगल में 1.19 लाख पुराने पेड़ों और अनगिनत अन्य छोटे पेड़ों और झाड़ियों को कटने से बचाया जा सके। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि सरकार ने हैदराबाद की ग्रीनको एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड नामक एक निजी कंपनी को बारां जिले के शाहबाद ब्लॉक में 408 हेक्टेयर वन भूमि पर ह्यपंप स्टोरेज प्रोजेक्टह्ल स्थापित करने की अनुमति दी है।

राजस्थान के बारां जिले की ग्राम पंचायत कुजेड़ के सरपंच प्रशांत पाटनी और दिल्ली आए ह्यशाहबाद जंगल बचाओह्ल आंदोलन का प्रतिनिधित्व करने वाले नागरिक प्रतिनिधिमंडल के जो हिस्सा हैं, उनहोने कहा, ह्ल1 अप्रैल 2025 को, हमने राजस्थान के झालावाड़-बारां निर्वाचन क्षेत्र के लोकसभा सांसद श्री दुष्यंत सिंह से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें पीएम मोदी को संबोधित एक ज्ञापन दिया और 2 अप्रैल को हमने लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला को ज्ञापन सौंपा। पिछले 6 महीनों में एक अभियान चलाया गया है जिसमें राजस्थान के नागरिकों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को 35000 से अधिक पोस्ट कार्ड भेजे गए हैं। नागरिकों की मांग है कि सरकार ह्यपंप स्टोरेज प्रोजेक्टह्ल ऐसी जगह बनाए जहां कोई घना जंगल या पारिस्थितिकी तंत्र समृद्ध न हो। ऐसा ही एक क्षेत्र कोटा जिले का रामगंज मंडी क्षेत्र और झालावाड़ जिले का भवानी मंडी क्षेत्र है, जहां कोटा स्टोन खदानों से मलबे के विशाल पहाड़ और सैकड़ों फीट गहरी खाइयां बन गई हैं। इस भूमि को पुनः प्राप्त करके वहां ह्यपंप स्टोरेज प्रोजेक्टह्ल लगाया जा सकता है। चीन परियोजनाओं के लिए खनन की गई भूमि को पुनः प्राप्त करने की इसी नीति का पालन करता है।

ज्ञापन में प्रधानमंत्री मोदी को ह्यविश्व वन्यजीव दिवसह्ल पर दिए गए उनके संदेश की याद दिलाई गई है जिसमें उन्होंने कहा था - "हम पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था के बीच संघर्ष में विश्वास नहीं करते, बल्कि दोनों के बीच सह-अस्तित्व को महत्व देते हैं।

भारत के जलपुरुष के नाम से मशहूर डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा, "मैंने जनवरी 2025 में खुद शाहबाद के जंगल का दौरा किया था और पाया था कि यह बहुत घना जंगल है। ऐसे समय में जब भारत की जल सुरक्षा गंभीर रूप से खतरे में है, ऐसे जंगल पूरे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण जल पुनर्भरण क्षेत्र हैं और इन्हें हर कीमत पर संरक्षित करने की आवश्यकता है। आयुर्वेद विभाग के सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक डॉ. रमेश कुमार भूटिया ने शाहबाद के जंगल में वर्षों तक वनस्पति सर्वेक्षण किया है और उनके निष्कर्षों से पता चलता है कि पूरे देश में पाए जाने वाले 450 औषधीय पौधों में से आयुर्वेदिक दवाओं के लिए महत्वपूर्ण मानी जाने वाली औषधीय जड़ी-बूटियों की 332 प्रजातियाँ पारिस्थितिक रूप से समृद्ध शाहबाद के जंगल में पाई जाती हैं। गिद्धों की लुप्तप्राय प्रजातियाँ अभी भी यहाँ के ऊँचे पेड़ों पर घोंसला बनाती हुई देखी जाती हैं। यदि इन पुराने पेड़ों को काट दिया गया, तो पारिस्थितिकी तंत्र संतुलन बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण ये पक्षी विलुप्त हो जाएँगे। इसके अलावा, सरीसृप, पक्षी, तेंदुआ, भालू, लोमड़ी, सियार, नीलगाय, सांभर, चीतल, जंगली सूअर आदि जैसे स्तनधारी जीवों की कई अन्य प्रजातियों का अस्तित्व भी दांव पर लगा है। किसी भी तरह की गहन वनों की कटाई से क्षेत्र के समृद्ध वनस्पतियों और जीवों के अस्तित्व को खतरा होगा और इसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर मिट्टी का कटाव होगा।

# हीटवेव: भारत के लिए बढ़ता हुआ सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट

**-डॉ.सत्यवान सौरभ**

गर्मी का मौसम भारत में नया नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में इसकी प्रकृति खतरनाक होती जा रही है। कभी मौसमी बदलाव माने जाने वाली हीटवेव अब हमारे शहरों और गांवों में एक नियमित आपदा का रूप ले चुकी है। वर्ष 2024 में उत्तर-पश्चिम भारत में 181 हीटवेव दिन दर्ज किए गए – जो अब तक का सबसे ऊंचा आँकड़ा है। यह संख्या केवल मौसम के आंकड़े नहीं हैं; यह जीवन, स्वास्थ्य और आजीविका पर मंडराते खतरे की स्पष्ट चेतावनी है। हीटवेव, सामान्य तापमान सीमा से अधिक अत्यधिक गर्मी की लंबी अवधि है, जो जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में और भी भीषण हो गई है। वर्ष 2024 में भारत में कई राज्यों में 554 हीटवेव के दिन दर्ज किए जिसमें अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। इस वृद्धि ने गर्मी से संबंधित बीमारियों को बढ़ा दिया है, जो बुजुर्गों, मजदूरों और कम आय वाले समुदायों को असमान रूप से प्रभावित कर रहा है।



**हीटवेव और स्वास्थ्यः छाया की कमी, संकट की अधिकता**

अत्यधिक गर्मी का सीधा प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ता है। डिहाईड्रेशन, हीट-स्ट्रोक, हृदयगति का तेज हो जाना, और सांस लेने में तकलीफ – ये सब हीटवेव के साथ आने वाली आम समस्याएं हैं। बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। झारखंड में इस साल बाल चिकित्सा वार्ड में डिहाईड्रेशन के मामलों में असामान्य वृद्धि दर्ज की गई। तेज शहरीकरण और हरियाली की कटौती ने शहरों को ताप द्वीप में बदल दिया है। दिल्ली जैसे शहरों में रात का तापमान भी सामान्य से 4-5 डिग्री अधिक बना रहता है। झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों के लिए यह स्थिति कष्टदायक से जानलेवा तक हो सकती है।

**हीटवेव और जीवन व्यवस्था पर असर**

गर्मी के कारण स्कूल बंद होते हैं, पानी की सप्लाई बाधित होती है, बिजली कटौती आम हो जाती है। गरीब और मेहनतकश वर्ग, जिनके पास न ठंडी जगह होती है, न संसाधन, सबसे अधिक संकट में होते हैं। हीटवेव केवल सेहत का नहीं, आर्थिक उत्पादन का भी सवाल बन गई है। निर्माण श्रमिक, किसान और सड़क विक्रेता जैसी बाहरी कामकाज से जुड़े लोगों की उत्पादकता गिर रही है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, हीटवेव के कारण भारत में कार्य घंटों में 2.2% की गिरावट आ सकती है, जो GDP में 2.8% तक की हानि बन सकती है।

**सब पर असर एक जैसा नहीं होता**

हीटवेव की मार सभी पर एक समान नहीं होती। जिनके पास एयर कंडीशनर, स्वच्छ जल और स्वास्थ्य सेवाएं नहीं हैं, वे अधिक सुभेद्य होते हैं। ग्रामीण महिलाएं जो जल लाने या खेतों में काम करती हैं, उन्हें दोगुना खतरा होता है। शहरों के गरीब बस्तियों में रहने वाले परिवारों के लिए हीटवेव असमानता का सबसे तेज रूप बन जाती है। हीटवेव से लड़ाई सिर्फ एक मौसमीय अलर्ट से नहीं लड़ी जा सकती। इसके लिए पूर्व चेतावनी प्रणाली, शहरी नियोजन, स्वास्थ्य सेवा का विस्तार और सामुदायिक भागीदारी जरूरी है। अहमदाबाद, सूरत और भुवनेश्वर जैसे शहरों ने हीट एक्शन प्लान अपनाकर यह दिखाया है कि नियोजित प्रयासों से मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। सूरत में ह्यकूल रूफह्ल योजना ने झुग्गियों में तापमान को 3झ्र4 डिग्री कम किया। भुवनेश्वर में भीड़ वाले बाजारों में पेयजल स्टॉल और छाया ढांचे लगाए गए।

**हीट गवर्नेंसः अब जरूरत है कानूनी और नीतिगत ढाँचे की**

सटीक ताप पूवार्नुमान और सार्वजनिक चेतावनियाँ स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने में मदद करती हैं। अहमदाबाद हीट एक्शन प्लान (2013) ने कलरझ्रकोडेड अलर्ट पेश किए जिससे निवासियों और अस्पतालों को अत्यधिक तापमान वाली स्थिति के लिए तैयार होने में मदद मिली। अस्पतालों में कूलिंग स्पेस बनाना, स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करना और पर्याप्त चिकित्सा आपूर्ति सुनिश्चित करना गर्मी से संबंधित मृत्यु दर को कम कर सकता है। ठाणे में हीटस्ट्रोक के मामलों पर नजर रखने और तत्काल चिकित्सा मध्यक्षेप प्रदान करने के लिए रियलटाइम निगरानी शामिल है । कूलिंग सेन्टर्स बनाना, ओरस पैकेट वितरित करना, और जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना, निम्न आय वाले समुदायों की सुरक्षा में मदद करता है। भुवनेश्वर में गर्मी से होने वाली थकावट को रोकने के लिए भीड़भाड़ वाले बाजारों में अस्थायी छाया संरचनाएँ और जलयोजन स्टेशन स्थापित किए गए थे। हरित आवरण का विस्तार, रिफ्लेक्टिव रूफ्स को बढ़ावा देना, और जलाशयों का निर्माण करके शहरी तापमान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सूरत ने झुग्गी-झोपड़ियों में कूल-रूफ पहल शुरू की, जिससे घर के अंदर का तापमान 3-4 डिग्री सेल्सियस कम हो गया, जिससे हजारों निवासियों को लाभ हुआ।

जिस तरह दिल्ली-NCR में वायु प्रदूषण के लिए GRAP (Graded Response Action Plan) लागू होता है, वैसे ही हीटवेव के लिए भी स्वचालित, डेटा-आधारित नीति ढाँचे की जरूरत है।

**भविष्य की गर्मी से मुकाबला आज की नीति से**

हीटवेव केवल गर्मी नहीं है, यह एक चेतावनी है – हमारे शहरों की संरचना, हमारी आर्थिक नीतियों और हमारे स्वास्थ्य सिस्टम की परीक्षा। भारत को अब हीटवेव को ह्यप्राकृतिक आपदाह्ल मानकर, उसके अनुसार तैयारी करनी होगी।

## अनाज मंडी मे गेहूं की सरकारी खरीद शुरू



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 08 अप्रैल।** अनाज मंडी रानियां में सोमवार को गेहूं की खरीद शुरू हो गई है। अनाज मंडी में बने सरकारी गेहूं खरीद केंद्र के प्रिंसिपल यार्ड पर पूर्व जिला प्रधान शीशपाल कंबोज, मंडी प्रधान सोमनाथ जैन,मार्केट कमेटी सचिव सुरेंद्र सैन, हैफेड खरीद केंद्र एजेंसी के राहुल, मुख्तियार सिंह, आशु मिंडा, राजा की मौजूदगी में गेहूं की सरकारी खरीद आरंभ हुई।
भाजपा के पूर्व जिला प्रधान शीशपाल कंबोज ने बताया कि सरकार की ओर से समय पर मंडी में सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। किसानों की फसल मंडी में आते ही तुरंत खरीदी जाएगी और खरीदी गई फसल का 24 घंटे के अंदर अंदर उठान किया जाएगा। पहले दिन मार्केट कमेटी व खरीद एजेंसी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने गेहूं के ढेरों पर गेहूं नमी की जांच कर गेहूं की सरकारी खरीद प्रक्रिया शुरू की। मार्केट कमेटी के सचिव सुरेंद्र सैन ने बताया कि अनाज मंडी में दो सरकारी एजेंसियों द्वारा गेहूं की खरीद की जानी है। जिसमें सोमवार, बुधवार शुक्रवार को हैफेड, मंगलवार, वीरवार व शनिवार को हरियाणा वेयर हाउस द्वारा गेहूं की खरीद की जानी है। अनाज मंडी में गेहूं खरीद के पहले दिन हैफेड द्वारा 1500 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है। सचिव ने बताया कि सोमवार तक अनाज मंडी में कुल 3 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इस समय सभी अनाज मंडियों में पुख्ता इंतजाम कर दिए गए हैं।
कमेटी सचिव ने बताया कि रानियां अनाज मंडी के अंतर्गत आने वाली आने वाले 7 खरीद केंद्र बनाए गए हैं। रानियां मंडी में मुख्य खरीद केंद्र बनाया गया है। मार्केट कमेटी के सचिव सुरेंद्र सैन ने किसानों से आग्रह किया है कि जो भी किसान अपनी गेहूं की फसल मंडी लेकर आ रहा है उसमें 12 प्रतिशत से अधिक नमी नही होनी चाहिए। इस मौके पर मार्केट कमेटी के सचिव सुरेंद्र कुमार,सुखविंद्र बाजवा, दीपक गाबा, रमेश कुमार डावर,बलवीर मोमी, राजकुमार, विशु जैन व मंडी के कई आढती भी मौजूद रहे।

## रोडवेज कर्मचारियों ने भूख हड़ताल कर जताया रोष



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 08 अप्रैल।** सिरसा डिपो में हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा द्वारा पूर्व में घोषित कार्यक्रम अनुसार 24 घंटे की भूख हड़ताल सांझा मोर्चे में शामिल सभी प्रधानों पृथ्वी सिंह चाहर, सतबीर कड़वासरा, आत्माराम बैनीवाल की अध्यक्षता में की गई। भूख हड़ताल में राज्य मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य जगदीप लाठर, संदीप रंगा, हरिकिशन, चमन लाल स्वामी, शिवकुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।
राज्य मोर्चा नेताओं ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 23 जून 2023 व 16 जुलाई 2024 की कर्मचारियों की मांगो को जायज मनाते हुए अनेक मांगों पर सहमति जताई थी और उन्हें लागू करने का भरोसा दिया था, लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा हैं कि मानी गई जायज मांगों के लागू करने के परिपत्र आज तक जारी नहीं किए गए हैं, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा हैं। मुख्य मांगों में परिचालक, चालक, लिपिक के वेतनमान की वेतन विसंगति दूर कर-के ग्रेड पे बढ़ाया जाए। चालक, परिचालकों को सीमित ओवर टाइम देने के आदेश पत्र को वापिस लिया जाए। चालक, परिचालकों को रात्रि ठहराव करने व भुगतना करने के वर्तमान में जारी आदेश को वापिस लेते हुए पूर्व की भांति रात्रि ठहराव देने व भुगतान किया जाए। चालक, परिचालक, निरीक्षक, उप निरीक्षक, कर्मशाला के कर्मचारियों के देय अर्जित अवकाश कटौती के जारी आदेशों को वापस लिया जाए। वर्ष 2002 में भर्ती हुए चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का करके पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए। वर्ष 2016 में सभी प्रकिया पूर्ण उपरांत भर्ती किये गए चालकों को पक्का किया जाए। कई वर्षों से बकाया बोनस का भुगतान शीघ्र किया जाए, एनपीएस स्कीम, एक्सग्रेसिया स्कीम के तहत लगे कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने उपरांत सेवानिवृत्त कार्ड बनाए जाय व इसी प्रकार जीपीएफ स्कीम वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पहचान पत्र से नवे फ्री ट्रैवलिंग अंकित शब्द को हटाया जाए। वर्ष 28 अक्तूबर 2005 से पहले जारी भर्ती प्रकिया के तहत विभाग में भर्ती हुए सभी पदों के कर्मचारियों को सरकार के जारी आदेशों अनुसार उन कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए। वर्ष 2008 में भर्ती हुए जिन परिचालकों, कर्मचारियों का एसीपी 01 जनवरी 2016 से 28 अक्तूबर 2016 के मध्य बनता हैं, उन्हें सरकार के पत्र 8 जून 2020 अनुसार वंचित परिचालकों/कर्मचारियों को एक स्पेशल वेतन वृद्धि दी जाए। राज्य नेताओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार समय रहते कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं का समाधान करें अन्यथा रोडवेज कर्मचारी हड़ताल जैसे बड़े आंदोलन करने को मजबूर होंगे। भूख हड़ताल में रविंद्र बौद्ध, शेर सिंह, प्रहलाद, संदीप कुमार, सुरेंद्र निरानिया, कुलविंदर, सतपाल रानिया, सुरेंद्र भादू, विकास कुमार, मेनपाल, बलजीत आदि ने मुख्य रूप से भाग लिया।

## युवक 10 .25 ग्राम हैरोइन सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 08 अप्रैल।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान बांदरा वाली पुलिया बाइपास रोड सिरसा क्षेत्र से एक युवक को 10 ग्राम 25 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है।
एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया कि सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान केलनिया रोड से होते हुए बांदरा वाली पुलिया की ओर जा रही थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी जब केलनिया रोड बाइपास पर पहुंची तो सामने से एक युवक पैदल आता हुआ दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक घबरा गया और वापस मुडकर तेज कदमों से चल कर भागने का प्रयास करने लगा। शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जा से 10 ग्राम 25 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान अमित पुत्र देवीलाल निवासी गांव कर्मशाना ऐलनाबाद हाल गौशाला मोहल्ला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना शहर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

# पेट के रोगों सहित कई अन्य रोगों में शंख प्रशालन क्रिया है अत्यंत लाभकारी : ओम प्रकाश

## भारतीय योग संस्थान योगाश्रम मिजार्पुर में 13 को करवाएगा शंख प्रक्षालन शारीरिक शुद्धि क्रिया

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 08 अप्रैल।** भारतीय योग संस्थान गांव मिजार्पुर से एक किलोमीटर आगे नहर से 200 मीटर पहले ढ़ांड रोड़ स्थित अपने योगाश्रम में कुरुक्षेत्र व निकट के योग जिलों के अपने अधिकारियों, कार्यकताओं, साधकों व योग जिज्ञासु आम जनता के लिए शंख प्रक्षालन शुद्धि क्रिया रविवार, 13



अप्रैल को प्रातः 6 से 10 बजे तक करवाएगा। इस शुद्धि क्रिया को करने के इच्छुक संस्थान के साधक 11 अप्रैल तक अपना नाम अपने योग जिले के प्रधान अथवा मंत्री को नोट करवा दें जो अपने जिले के साधकों की कुल सूचना कृष्ण जिला प्रधान देवी दयाल सैनी को नोट करवा देंगे ताकि सभी के लिए गर्म पानी, नींबू, खिचड़ी इत्यादि की उचित व्यवस्था की जा सके। आम जनता के इच्छुक जिज्ञासु साधक सीधे देवी दयाल सैनी जी के पास 11 अप्रैल तक अपना नाम, पता व आयु नोट करवा कर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। हृदय रोगियों, अधिक उच्च रक्तचाप, पेट के अल्सर, 6 माह पहले हुए आपरेशन वाले रोगियों और मासिक धर्म में महिलाओं, कमजोर आंतों व उनमें सूजन वाले रोगियों के लिए शंख प्रक्षालन निषेध है। शंख प्रक्षालन क्रिया करने वाले साधक 12 अप्रैल को पानी अधिक पीएं। सायं काल का भोजन या तो न करें या शाम को ताजा फलों का रस पीएं अथवा सूर्यास्त के 1 घंटे तक हल्का व सुपाच्य भोजन करके रात्रि में पूरी नींद लें ताकि उनकी क्रिया भली भांति संपन्न हो सके।

# रामावतार बंसल व सुनील शर्मा को सामाजिक न्याय, अधिकारिता विभाग की कल्याण समिति का गैर सरकारी सदस्य मनोनीत किया

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**बहल, 08 अप्रैल।** सामाजिक न्याय, अधिकारिता विभाग की कल्याण समिति के गठन को जारी अधिसूचना में उपमंडल लोहारू व सिवानी की समितियों को भी अधिसूचित किया गया है और अधिसूचना में कस्बे के रामावतार बंसल को लोहारू व सिवानी की समिति में सुनील शर्मा (टीटू शर्मा ) को गैर सरकारी सदस्य बनाया गया है। कल्याण समिति के तहत





सामाजिक न्याय, अधिकारिता के क्षेत्र में समिति का अहम दायित्व होता है और समाज के जरूरतमंद लोगों के हक व अधिकारियों का लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं का क्रियान्वयन को बेहतर ढंग से लोगों तक पहुंचाने में समिति के सदस्य योगदान देते हैं। समिति में शामिल करने के लिए मनोनीत सदस्यों ने प्रदेश सरकार के शीर्ष नेतृत्व व पूर्व वित्त मंत्री जेपी दलाल, रामविलास शर्मा, ओमप्रकाश धनखड़, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, मुकेश गौड़, शकंर धूपड़, नंदराम धानिया, का आभार व्यक्त किया है।

# राजस्थान के मुख्यमंत्री ने किया लोहगढ़ हेड पर राजकनाल का दौरा

## - पानी आपूर्ति के दिए निर्देश





**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 08 अप्रैल।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को डबवाली उपमंडल के गांव लोहगढ़ पहुंचे। उन्होंने लोहगढ़ हेड राजकनाल का दौरा किया। उनके साथ जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत भी मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों के साथ नहरी जल प्रबंधन की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के लोहगढ़ हेलीपैड पर पहंचने पर भाजपा जिला डबवाली की जिलाध्यक्ष रेणू शर्मा, देव कुमार शर्मा, बलदेव सिंह मांगेआना, सतीश जग्गा, गुरदेव सिंह राही व अधिकारियों ने गुलदस्ता भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री भजन लाल ने लोहगढ़ हेड पर नहरों में पानी की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। उनके साथ जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत भी मौजूद रहे।
उन्होंने किसानों से पानी की आपूर्ति और भविष्य की जल चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया। इस दौरान डबवाली क्षेत्र के लोगों ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि राजकनाल में पीछे से आने वाले फैक्ट्रियों के गंदे पानी को रोका जाएं। साथ ही उन्होंने लोहगढ हेड और अलग-अलग गांवों में 9 पुल की मरम्मत करवाने के लिए मांग रखी। मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

# एसडीएम के सख्त आदेश के बाद भी लोहारू उप नागरिक अस्पताल के कर्मी नहीं आ रहे ड्रेस कोड में

## स्वास्थ्य विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे स्वास्थ्य कर्मी, निर्धारित ड्रेस कोड को अपनाने से कर रहे गुरेज, मरीजों को होती है गफलत

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 08 अप्रैल।** जब आप एक निजी अस्पताल में जाते हैं तो एक भी स्वास्थ्य कर्मी आपको बिना ड्रेस कोड के नहीं मिलता जबकि सरकारी अस्पतालों में मरीजों और स्वास्थ्य कर्मी के बीच अंतर नहीं कर सकते। यही हाल लोहारू के उप नागरिक अस्पताल का है, कोई भी स्वास्थ्य कर्मी आपको वहां निर्धारित ड्रेस कोड में नहीं दिखाई देगा। इसके लिए लोहारू एसडीएम मनोज दलाल ने शुक्रवार को रात्रि के लोहारू उप नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था जिसमें भी स्वास्थ्य कर्मी निर्धारित ड्रेस कोड में नहीं थे जिसके लिए एसडीएम ने ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मचारियों पर झाड़ भी लगाई थी और निर्धारित ड्रेस कोड में आने के आदेश दिए थे परंतु विभाग के कर्मचारी अपनी मनमानी पर आमादा हैं उनको किसी के आदेशों की कोई परवाह नहीं है। स्वास्थ्य कर्मचारियों की इस अव्यवस्था के कारण मरीजों को गफलत के कारण परेशानी आ रही है।
उल्लेखनीय है कि उप नागरिक अस्पताल में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मचारी के लिए अलग-अलग ड्रेस कोड निर्धारित किया है। इसके लिए लोहारू एसडीएम ने शुक्रवार रात्रि को अस्पताल के



औचक निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों को निर्धारित ड्रेस कोड में आने के आदेश दिए थे ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की बात कही गई थी। मजे की बात यह है कि इसके अगले ही दिन शनिवार को शहर के वार्ड 7 में स्वास्थ्य शिविर लगा जिसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी ड्रेस कोड से नदारद दिखे। इसके बाद मंगलवार को वार्ड 8 में स्वास्थ्य जांच शिविर लगा जिसमें भी कर्मी ड्रेस कोड में दिखाई नहीं दिए। ऐसे में स्वास्थ्य कर्मियों को एसडीएम के आदेशों की कोई परवाह नहीं है। कर्मचारियों द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड का पालन नहीं किया जाता है। इस कारण स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराने के लिए आने वाले मरीजों व उनके परिजन में हमेशा असमंजस की स्थिति बनी रहती है।

**ड्रेस कोड की मनमानी से यह हो रही परेशानी**

ड्रेस कोड में नहीं होने के कारण वार्ड में भर्ती मरीज उपचार करने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों व अन्य व्यवस्था संभालने वाले कर्मचारियों सहित आम लोगों में भेद नहीं कर पाते। इसके चलते मरीज के परिजन कर्मचारियों की मौजूदगी के बाद भी जरूरत पड़ने पर कर्मचारियों को इधर-उधर तलाशते रहते हैं। स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सक, वार्ड बॉय, सफाई कर्मचारी, महिला स्वास्थ्य कर्मी सहित अन्य कर्मचारी भी ड्रेस कोड का पालन नहीं करते हैं। इन लापरवाह कर्मचारियों को देख अन्य कर्मचारी भी ड्रेस कोड से परहेज करने लगे हैं।

**उप नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 250 मरीज आते हैं**

लोहारू उप नागरिक अस्पताल में उपचार कराने के लिए प्रतिदिन 200 ये 250 मरीज ओपीडी में आते हैं। स्वास्थ्य कर्मचारियों के निर्धारित ड्रेस कोड पहनकर नहीं आने से उनके लिए अस्पताल में पदस्थ स्वास्थ्य अमले को पहचानना मुश्किल हो जाती है। विशेषकर दुर्घटना के केस में ज्यादा परेशानी आती है। मरीजों का कहना है कई बार डॉक्टर सामने से गुजर जाते हैं और पता ही नहीं चल पाता। कई बार स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के लिए विभाग के अधिकारी भी दौरे कर चले जाते हैं, लेकिन इस दौरान भी स्वास्थ्य कर्मी ड्रेस कोड का पालन करते हुए नजर नहीं आते हैं।

**सभी के लिए लागू ड्रेस कोड**

ड्यूटी के दौरान डॉक्टरों के लिए सफेद एप्रन, नर्सों के लिए सफेद ड्रेस के साथ नेमप्लेट लगा हुआ एप्रिन, लेब व ओटी में भी काम करने वाले के लिए भी एप्रन का ड्रेस कोड है। एएनएम के लिए गहरी हरी ड्रेस, वार्ड बॉय के लिए सफेद यूनिफॉर्म व सफाई कर्मियों के लिए भी ड्रेस कोड है।
एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि नियम सभी के लागू होते हैं। लोहारू उप नागरिक अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मचारियों का आदेश के बाद भी ड्रेस कोड को लेकर संजिदा नहीं हैं तो इनके ऊपर कार्रवाई की जाएगी। फिर से अस्पताल का निरीक्षण किया जाएगा जो भी कर्मचारी ड्रेस कोड को लेकर संजीदा नहीं है उस पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सिविल सर्जन डा. रघुवीर सिंह शांडिल्य को एक बार फिर से अवगत करवाया जाएगा।

## पूंजीपतियों के कर्ज माफ कर आमजन पर महंगाई का बोझ डाल रही है भाजपा सरकार : जोगेंद्र तालु

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 08 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी की नीति हमेशा से पूंजीपति हित एवं आमजन के विरोध में कार्य करती आई है, जिसके चलते भाजपा शासनकाल में आमजन का जीवन मुश्किलों से भरा रहा। जिसका उदाहरण भाजपा सरकार ने पूंजीपतियों के कर्ज माफ कर व आमजन पर महंगाई का बोझ बढ़ाकर बार-बार दिया है। इसी कड़ी में भाजपा ने एक बार फिर से बिजली बिलों, घरेलू गैस सिलेंडर, पैट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि कर आमजन पर महंगाई की मार मारने का काम किया है। यह बात ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने ब्यान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को चाहिए कि वह आमजन के हित में कार्य करते हुए उनका जीवन सरल बनाने की दिशा में कार्य करें, लेकिन केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पूंजीपतियों के हित में काम करते हुए आमजन पर बार-बार महंगाई का चाबुक चला रही है। उन्होंने कहा कि बिजली बिलों, घरेलू गैस सिलेंडर, पैट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी से आमजन का जीवन और भी मुश्किलो भरा हो जाएगा, क्योंकि जनता पहले से ही महंगाई व बेरोजगारी की समस्या से जूझ रही है। ऐसे में वे मांग करते है कि बढ़ाए गए दामों को तुरंत प्रभाव से वापिस लिया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सकें।

## अज्ञात रेलगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू/सतनाली, 08 अप्रैल।** रेवाड़ी - सादुलपुर रेल मार्ग पर गांव नावां के नजदीक अज्ञात रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। मृतक युवक की पहचान बरालू गांव के अजीत के रूप में हुई है। जीआरपी चौकी इंचार्ज राजकुमार श्योराण ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि नांवा रेलवे स्टेशन के समीप एक युवक का पटरियों पर शव पड़ा हुआ है। यह हादसा अज्ञात रेलगाड़ी की चपेट में आने से हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसके पास से मिले कागजातों के आधार पर उसके परिजनों को सूचना दी। मृतक की पहचान बरालू गांव के अजीत (25 साल) पुत्र रामस्वरूप के रूप में हुई है। परिजनों के बयान पर इत्तफाकिया मौत की कार्रवाई करके शव परिजनों को सौंप दिया है।

## श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली में मां भगवती जागरण कल

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 08 अप्रैल।** श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समस्त पिपली निवासियों के सहयोग से भगवती जागरण चैत्र मॉस की त्रयोदशी नवरात्र वीरवार 10 अप्रैल को रात्रि 9 बज कर 30 मिनट से गायक विकास शर्मा एण्ड पार्टी द्वारा किया जाएगा। चौदस नवरात्र शुक्रवार 11 अप्रैल को यज्ञ 10 बजे एवं भंडारा दोपहर 12 बजकर 30 मिनट से मन्दिर परिसर में होगा। डा. सुरेश मिश्रा ने बताया कि डॉ. मिश्रा का पैतृक परिवार परदादा स्वर्गीय पंडित सीता राम मिश्रा, दादा स्वर्गीय पंडित जटा शंकर मिश्रा व पिता स्वर्गीय पंडित शेषमणि मिश्रा सन 1860 से वैदिक ज्योतिष, वास्तु एवं धार्मिक कार्यक्रमों को समाज के विकास एवं कल्याण हेतु वाराणसी से सेवा प्रदान कर रहा है। 31 दिसम्बर 1963 को श्रीदुर्गा देवी मन्दिर की स्थापना उनके पूज्यनीय पिता स्वर्गीय पंडित शेषमणि मिश्रा, संस्थापक जी ने समस्त पिपली के भक्तों द्वारा करवाई थी। तभी से नवरात्र में चैत्र और आश्विन मॉस की त्रयोदशी को भगवती जागरण और चौदस नवरात्र को यज्ञ व भंडारा प्रारम्भ हुआ था।



## बीज अधिनियम विधेयक, बीज और दवा की गुणवत्ता को सही स्तर पर रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम : गुरनाम चढूनी

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 08 अप्रैल।** बीज (हरियाणा संशोधन) विधेयक 2025 बीज अधिनियम, 2025 को लेकर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि हम किसी के खिलाफ नही परंतु व्यवस्था सुधरनी चाहिए यह अधिनियम फसल के बीज व दवाई की गुणवता सही पैमाने रखने में कारगर सिद्ध होगा। बीज अधिनियम विधेयक, बीज और दवा की गुणवत्ता को सही स्तर पर रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराकर उनकी उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ाने में मदद करता है। जाट धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाकियू प्रदेशाध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि इस विधेयक से किसानों को हर वर्ष होने वाले करोड़ों रुपए के आर्थिक नुकसान बचाया जा सकेगा। प्रति वर्ष काफी किसानों की गुणवता से कम यानि घटिया किस्म के बीज व दवाईया को लेकर शिकायते आती है उनकी फसले खराब हो जाती है जिसे लेकर किसानों को लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद भी कानून में गुणवता से कम यानि घटिया किस्म के बीज व दवाईया के उत्पादन व बेचने के अपराध सिद्द होने के उपरांत भी दोषी मात्र 500 रुपए जुमार्ना देकर छूट जाते थे या मात्र 15 दिनो के लिए लाईसंस कैसल किया जाता था। इसके अलावा कानून मे कोई ठोस सजा का प्रावधान नही था जिससे प्रदेश में गुणवता से कम यानि घटिया किस्म के बीज व दवाईया का कारोबार बड़े पैमाने पर फल फूल रहा था इसपर रोक लगानी जरूरी थी। किसानों को हर वर्ष होने वाले करोड़ो रुपए का आर्थिक नुकसान से बचना जरूरी था। किसानों को इस नुकसान से बचाने के लिए किसान संगठनों द्वारा इस कारोबार को रोकने के लिए कई बार धरने, प्रदर्शनों व ज्ञापनों के माध्यम से बार बार कठोर सजा के प्रावधान की माँग सरकार से करते रहे है। किसानों ने कहा कि इस अधिनियम में मात्र सजा का प्रावधान बढ़ाया गया है बाकी सारा कानून के नियम ज्यो का त्यो है जोकि पहले से चले आ रहे है। उन्होने मांग की कि हर जिले में गुणवता जाँच केंद्र (कृषि लैब) खोले जाने चाहिए ताकि किसान आसानी से खरीदे गए कृषि उत्पादन की जाँच करवा सके। किसानों ने इस नए अधिनियम को लेकर हरियाणा सरकार का आभार जताया।



## बाबा साहेब अंबेडकर जयंती पर हिसार में पीएम मोदी की ऐतिहासिक रैली, लोहारू हलके में उत्साह का माहौल

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 08 अप्रैल। आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती** के अवसर पर हिसार में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक रैली को लेकर लोहारू हलके के भाजपा कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने बताया कि लोहारु हलके से हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता इस भव्य रैली में भाग लेने के लिए तैयार हैं। जेपी दलाल ने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र में फसल कटाई व कढ़ाई का कार्य अपने चरम पर है, इसके बावजूद लोगों में इस कार्यक्रम को लेकर अभूतपूर्व जोश देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह रैली न केवल अंबेडकर जी को श्रद्धांजलि होगी, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का भी सशक्त माध्यम बनेगी। उन्होंने सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे बड़ी संख्या में पहुंचकर इस सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने में योगदान दें।



# सतनाली में बाबा भैरव के विशाल मेले व कुश्ती दंगल का आयोजन

## भंडारे में श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद-बाबा भैरव मेला में महिलाओं व बच्चों ने की जमकर खरीदारी





**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**सतनाली, 08 अप्रैल।** कस्बे के बाबा भैरव मंदिर परिसर में चैत्र शुक्ल एकादशी पर मंगलवार को विशाल मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर सतनाली व आसपास के क्षेत्र के गांवों सहित सीमावर्ती राजस्थान के हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा भैरव मंदिर में मत्था टेका एवं सुख, समृद्धि व शांति की कामना के साथ पूजा अर्चना की तथा तेल आदि से बने पकवान व शराब प्रसाद के रूप में चढ़ाए। मंदिर परिसर में ग्राम पंचायत व बाबा भैरव दल सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित मेले में महिलाओं व बच्चों ने जमकर खरीदारी की। मेले में लगे झूले बच्चों व महिलाओं के आकर्षण का केंद्र रहे। बाबा भैरव मेला के दौरान कस्बे की विभिन्न संस्थाओं व लोगों द्वारा पीने के पानी की उचित व्यवस्था की गई थी तथा समाजसेवी लोगों द्वारा मेले में भंडारे का आयोजन भी किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा भैरव का प्रसाद ग्रहण किया। मेले के दौरान पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद नजर आया। गौरतलब हो कि बाबा भैरव मंदिर सतनाली क्षेत्र सहित सीमावर्ती राज्य राजस्थान के लोगों की धार्मिक आस्था का केंद्र होने के साथ-साथ मनोकामना पूर्ण करने के लिए विख्यात माना जाता है। सतनाली के पूर्व दिशा में स्थित बाबा भैरव मंदिर के प्रति यहां के लोगों में अटूट आस्था है तथा कस्बे के लोग बाबा भैरव को अपना आराध्य देव मानते हैं। यह मेला क्षेत्र के प्रसिद्ध मेलों में से एक है। भैरव मंदिर में श्रद्धालु तेल व अन्न चढ़ाकर बाबा भैरों से समृद्धि व सुख की कामना करते हैं। घरों में तेल से बने पकवान गुलगुले आदि बनाए जाते हैं। यह अछूता पकवान बाबा भैरों के मंदिर में प्रसाद के रूप में चढ़ाकर लोग पूजा करते हैं। गांव के हर घर में बाबा भैरों की मान्यता है। ऐसा माना जाता है कि बाबा भैरव सुरक्षा व समृद्धि प्रदान करते हैं। वहीं मेले के दौरान लगाए गए झूले आकर्षण का केंद्र रहे तथा देर सांय तक कुश्ती दंगल का आयोजन भी किया गया। समाचार लिखे जाने तक कुश्ती दंगल जारी रहा तथा दंगल में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए पहलवानों ने दमखम दिखाया।

## विकास के नाम पर जंगल नष्ट करने तथा वन्य जीव जंतुओं पर अत्याचार के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**सतनाली, 08 अप्रैल।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में 400 एकड़ जमीन पर जंगल को विकास के नाम पर तहस नहस करने तथा वन्य जीव जंतुओं पर किए जा रहे अत्याचार पर रोक लगाने तथा उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण को लेकर द फैमिली वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा हैं। सतनाली उप तहसील कार्यालय के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि तेलंगाना की राज्य सरकार आईटी पार्क बनाने के लिए जंगल की इस जमीन को खाली करवाना चाहती है तथा इसके लिए जंगल की भूमि को तहस नहस कर दिया गया हैं। यह जंगल की जमीन है और इसे साफ करने से पर्यावरण को नुकसान होगा। प्राकृतिक वनस्पतियों की कटाई कर आईटी हब जैसे विकास परियोजनाओं के लिए बडे पैमाने पर पेडों की कटाई से स्थानीय वन्यजीवों और परिस्थितिक तंत्र को खतरा है। यह क्षेत्र मोर और हिरण सहित विभिन्न प्रजातियो का घर है जो विकास के नाम पर उनके प्राकृतिक आवास को खत्म किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि अगर इस प्रकार कि घटना को रोका नही गया तो वन्य जीव जंतुओं व पक्षियों का नुकसान होगा तथा सृष्टि विनाश की ओर अग्रसर होगी। उन्होंने बताया कि हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायलय ने तेलंगाना में पेडों की कटाई को रोकने के लिए हस्तक्षेप किया जिसमें पर्यावरणीय विनाश और प्रक्रियात्मक अल्लंघन का हवाला दिया गया। ऐसे में इस जघन्य घटना पर भारत सरकार भी संज्ञान लेते हुए इस कार्यवाही को हमेशा के लिए रोक लगाए तथा जो 25 प्रतिशत जंगल काटा जा चुका है उस पर पुन: पेड पौधे लगाए जाए ताकि वन्य जीव और पर्यावरण की रक्षा हो सके।

## अभिभावकों को लुभाने में लगे निजी स्कूल संचालक, घर घर दे रहे दस्तक, अभिभावकों को दे रहे तरह तरह के प्रलोभन

**अमित वालिया, लोहारू**
निजी स्कूल संचालकों द्वारा अधिक से अधिक बच्चों को लुभावने प्रलोभन देकर दाखिला करवाने की होड के चलते माहौल में रंगत आ गई है। स्कूलों में दाखिले की होड़ के चलते पोस्टरों, बैनर सहित पंपलेट द्वारा प्रचार पर जोर दिया जा रहा है वहीं शिक्षकों ने गांव व घर-घर में दाखिलों के लिए अभिभावकों को लुभाने के प्रयास शुरू कर दिए है। दाखिलों को लेकर वे अभिभावकों को न केवल स्कूल की खूबियों व सुविधाओं के बारे में बता रहे है बल्कि गत बोर्ड परीक्षा परिणाम के साथ खुद की स्कूल को अन्य स्कूलों की तुलना में सर्वश्रेष्ठ साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। इसके साथ ही किसी स्कूल में दाखिला फीस में छूट के दावे किए जा रहे है तो किसी स्कूल ने दो बच्चों के साथ एक फ्री व एक के साथ एक की आधी फीस करने का प्रलोभन भी दिया जा रहा है। अभिभावकों को अपने जाल में फंसाने में कोई भी स्कूल पीछे नहीं रहना चाहता। वहीं दूसरी ओर निजी स्कूल संचालकों ने अपनी फीस में भी भारी वृद्धि कर दी है। जिससे अभिभावकों में भारी रोष है तथा वे अपने बच्चों को कम फीस वाले स्कूलों में दाखिला दिलवाने के लिए प्रयास कर रहे है।

**शिक्षा पर भारी पैसे व कमीशन का खेल:-**
शिक्षा का मंदिर माने जाने वाले स्कूलों में पैसा अब शिक्षा पर भारी पड़ता दिख रहा है। स्कूल संचालकों द्वारा अभिभावकों को प्रलोभनों के जाल में फंसाकर दाखिले के तौर पर मोटा पैसा वसूला जा रहा है। अभिभावक भी बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए बजट से अधिक पैसा स्कूलों को दे रहे हैं। ऐसे में मध्यम वर्ग व बीपीएल परिवारों के बच्चों का भविष्य अधर में लटकता दिख रहा है क्योंकि सरकारी स्कूल अभी तक अभिभावकों का विश्वास जीतने में नाकाम रहे है जबकि निजी स्कूलों में बच्चों का दाखिला करवा पाना आम अभिभावक के बजट से बाहर है।

**कमीशनखोरी की चपेट में अभिभावक:-**
निजी स्कूलों में दाखिले के बाद स्कूल में ड्रेस से लेकर जूतों तक में भी स्कूल संचालक अपना कमीशन बनाने में लगे हैं। स्कूलों द्वारा ड्रेस से लेकर स्टेशनरी व स्कूल शूज लेने तक दुकानें निर्धारित कर रखी है। ऐसे में अभिभावक दाखिला फीस के साथ कमीशनखोरी की चपेट में भी है। कई स्कूलों ने तो स्कूल में ही दुकानें खोली हुई है, जहां यह सामान उपलब्ध होता है। वहां से अभिभावकों को न चाहते हुए भी प्रिंट रेट पर किताबें व ड्रेस खरीदनी पड़ रही है। हो सकता है कि बाहर दुकानदार कुछ उस पर छूट कर दे लेकिन निजी स्कूल के अंदर खुली दुकानों पर यह सामान प्रिंट रेट ही लगता है।
शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मानें तो निजी स्कूल संचालक मनमाने ढंग से फीस वृद्धि नहीं कर सकते। हाई कोर्ट के दिशा-निर्देश के मुताबिक ही फीस बढ़ सकती है। सरकार व विभाग द्वारा सभी निजी स्कूलों से फार्म नं. 6 भरने के आदेश दिए हुए हैं जिसमें सभी बच्चों की फीस व अध्यापकों को दिए जाने वाले वेतन का विवरण भरकर देना होगा।

## सीजेएम पवन कुमार ने किया बाल सेवा आश्रम का निरीक्षण



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 08 अप्रैल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन डीआर चालिया के निदेर्शानुसार प्राधिकरण के सचिव-कम-सीजेएम पवन कुमार ने बाल सेवा आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम की ओर से बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। सीजेएम ने आश्रम के बच्चों का हाल-चाल जानते हुए आश्रम प्रबंधक को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।
सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि बच्चों को हमारे संविधान में उचित पालन पोषण उनके सर्वांगीण विकास के लिए पर्याप्त अधिकार दिए हैं। आश्रम की प्रबंध समिति को बच्चों की पढ़ाई, भोजन, वस्त्र अन्य आवश्यक सुविधाओं पर पूरा ध्यान देना चाहिए। इस दौरान उन्होंने आश्रम के प्रबंधक समिति से आश्रम के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से उनको दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से पूछा।
उन्होंने आश्रम समिति सदस्यों को शिक्षा के सुधार संबंधी जरूर निर्देश दिए। आश्रम में रह रहे बच्चों को प्रत्येक दिन अलग-अलग डाइट चार्ट बनाकर प्रोटीन युक्त भोजन दिया जाए व बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच के भी निर्देश दिए। उन्होंने भोजनालय व शयन कक्ष की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

# घरेलू सिलेंडर के दाम में वृद्धि से आमजन में रोष









**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 08 अप्रैल।** घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से महिलाओं सहित आमजन में काफी रोष है। महिलाओं ने अपनी राय रखते हुए सिलेंडर की कीमत पर लगाम लगाए जाने की मांग की। साथ ही बताया कि सिलेंडर के दाम बढ़ने से रसोई का बजट बढ़ जाएगा। जबकि आमदनी कम हो रही है। ऐसे में सरकार को इस ओर कदम उठाना चाहिए। महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाली नीतियों की मार से त्रस्त जनता पर सरकार ने रसोई गैस के दाम में प्रति सिलैंडर 50 रुपए की बेहताशा बढ़ौतरी करके एक और हमला कर दिया है। उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के दोनों प्रकार के ग्राहकों के लिए गैस की कीमतों में वृद्धि की गई है। इससे हरियाणा में सामान्य उपयोगकताओं के लिए 14.2 किलोग्राम के एल.पी.जी. सिलैंडर का भाव 812.50 रुपए से बढ़ कर 862.50 रुपए हो जाएगा। उज्ज्वला योजना के तहत एल.पी.जी. उपभोक्तओं के लिए 14.2 किलोग्राम सिलैंडर की कीमत 503 से बढ़कर 553 रुपए हो जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बावजूद मोदी सरकार ने पैट्रोल और डीजल पर 2-2 रुपए प्रति लीटर उत्पाद बढ़ा दिया है।

**रसोई गैस के दाम में की गई बढ़ोतरी तुरंत कम की जाए : सुदेश कुमारी**
जन संघर्ष मंच हरियाणा की प्रांतीय महासचिव सुदेश कुमारी ने बताया कि जन संघर्ष मंच हरियाणा रसोई गैस के दामों में की गई वृद्धि, सीएनजी के दाम में वृद्धि, हरियाणा में बिजली महंगी किये जाने तथा वैश्विक बाजार में कच्चा तेल सस्ता होने के बावजूद पेट्रोल - डीजल के दाम कम नहीं किये जाने का कड़ा विरोध करता है और मांग करता है कि रसोई गैस के दाम में की गई बढ़ोतरी तुरंत कम की जाए। सीएनजी की कीमतें घटाई जाएं। हरियाणा में बिजली बिलों में की गई बढ़ोतरी वापिस ली जाए।

**गैस चूल्हे होंगे बंद**
इनेलो महिला विंग हरियाणा की प्रदेशध्यक्षा तनुजा ने कहा कि सरकार दाल-रोटी महंगी कर अब आम लोगों के घरों का चूल्हा भी बंद कराना चाहती है। अगर रसोई गैस के दाम बढ़ते हैं, तो कई गरीबों के घर के चूल्हे बंद हो जाएंगे। सरकार को गरीब लोगों को ध्यान में रख कर फैसला लेने की जरूरत है। सरकार महंगाई आए दिन बढ़ा रही है। इससे महिलाओं में रोष है।

**आम आदमी को तबाह करने पर तुली सरकार**
राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय संयोजक रीना वाल्मीकि ने बताया कि आम आदमी के प्रति सरकार की संवेदना खत्म हो चुकी है और वह आम आदमी को तबाह करने पर तुली है। डीजल, रसोई गैस की कीमत बढ़ाने में जुटी हुई है। रसोई गैस में बार-बार बढ़ोतरी कर रही है। रसोई गैस में बढ़ोतरी कर महंगाई का बोझ जनता पर डालना चाहती है

**मिट्टी के चूल्हे का करना पड़ेगा प्रयोग**
नगर परिषद थानेसर की पूर्व प्रत्याशी सुनीता नेहरा ने बताया कि सरकार सिलेंडर का दाम बार बार बढ़ा रही है। इससे रसोई का बजट बिगड़ रहा है। अब सिलेंडर के चूल्हे को बंद करना पड़ेगा। मिट्टी के चूल्हों को दोबारा शुरू करना होगा। आय तो कम है, लेकिन महंगाई आए दिन बढ़ रही है। सरकार को इस महंगाई को रोकने की जरूरत है।

**केंद्र सरकार ने महंगाई की आग में घी डालने का किया काम : मीना शर्मा**
कांग्रेस की जिला अध्यक्षा ग्रामीण मीना शर्मा ने कहा कि रसोई गैस का दाम बढ़ा कर सरकार ने पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे लोगों को महंगाई की आग में झोंकने का काम किया है। इस बढ़ोतरी के बाद खाना पकाना और भी महंगा हो जाएगा। केंद्र सरकार ने महंगाई की बढ़ती आग में घी डालने का काम किया है। यह गरीब जनता के साथ छल है। ऐसे में रसोई गैस सिलिंडरों के मूल्य बढ़ाने के फैसले को कहीं से उचित नहीं कहा जा सकता। गैस सिलिंडरों की बढ़ी कीमतों ने सबसे ज्यादा असर गरीब व मध्यम दर्जे के लोगों पर डाला है। सरकार को अपने फैसले पर पुनर्विचार कर बढ़ी कीमतों को तत्काल वापस लेना चाहिए।

## 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा पोषण पखवाड़ा डीसी महावीर कौशिक

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 08 अप्रैल।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा। गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों में व्यापक तरीके से पोषण संबंधी परिणामों को बढ़ाने के उद्देश्यों से पोषण पखवाड़ा मनाया जाता है। आंगनवाड़ी सेवाओं, किशोरियों के लिए योजना और पोषण अभियान बारे अनेक गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा।
उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इस दौरान विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं, किशोरियों व बच्चों को जागरूक किया जाएगा। पोषण अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों में व्यापक तरीके से पोषण संबंधी परिणामों को बढ़ाना है। अभियान के उद्देश्यों को प्राप्त करने में व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों स्तरों पर व्यवहार परिवर्तन एक महत्वपूर्ण घटक है। यह मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत जारी है, जिसमें आंगनवाड़ी सेवाओं, किशोरियों के लिए योजना और पोषण अभियान को एकीकृत किया गया है।

**- पोषण पखवाड़ा के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार**
जीवन के प्रथम दिनों पर ध्यान केंद्रित करें गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के लिए उचित पोषण सुनिश्चित किया जाएगा। लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाना, पोषण सेवाओं के स्व-पंजीकरण और डिजिटल ट्रैकिंग को प्रोत्साहित करना। सीएमएएम मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन समुदाय-आधारित तीव्र कुपोषण प्रबंधन (सीएमएएम) प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन को मजबूत करना। बचपन में होने वाले मोटापे से निपटने के लिए स्वस्थ जीवनशैली जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ आहार और जीवनशैली की आदतों को बढ़ावा देना। पोषण पखवाड़ा के लिए विस्तृत दिन-वार कार्य योजना तैयार करना। जिला स्तर पर विषय-आधारित गतिविधियों के लिए कार्य योजना पर चर्चा करने और उसे साझा करने के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। जन आंदोलन डैशबोर्ड पर दैनिक डेटा प्रविष्टि और नियमित अपडेट के लिए जिम्मेदार एक अधिकारी को नामित करें, जिससे सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित हो सके।

## दो दिन में समस्या का समाधान नहीं होगा तो नई अनाज मंडी में होगी मजदूरों की हड़ताल : कालिया



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 08 अप्रैल।** नई अनाज मंडी के झराई मजदूरों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भगवानदास कालिया के नेतृत्व में मंगलवार को अनेक झराई मजदूरों ने मार्केट कमेटी सचिव एवं नई अनाज मंडी प्रधान भुरू को मांगपत्र सौंपा तथा उनकी समस्याओं का समाधान करते हुए सभी मांगें जल्द से जल्द पूरी किए जाने की गुहार लगाई। इस दौरान झराई मजदूरों ने दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि इस दौरान उनकी मांगें पूरी नहीं होती है तो वे हड़ताल करने पर मजबूर होंगे।
इस मौके पर भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भगवानदास कालिया ने बताया कि मांगपत्र के माध्यम से मांगपत्र के माध्यम से कट्टे का रेट 12 रुपए, केवल जराई व भराई के अलावा कोई काम ना करवाए जाने, ट्रैक्टर या गाड़ी खाली होने पर सफाई या कट्टे नहीं बांधने बारे, महिला मजदूरों के लिए शौचालय की व्यवस्था किए जाने, अनाज मंडियों में झराई का कार्य करने वाले मजदूरों को मजदूर रेट बताए जाने तथा 4 मजदूरी बढ़ाए जाने की मांग उठाई गई है।
उन्होंने कहा कि पिछले 4 वर्षो से झराई मजदूरों की मजदूरी नहीं बढ़ाई गई है, जिसके चलते मजदूरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी में महिलाओं के शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है, इसके अलावा भी अनेक समस्याएं है, जिनका सामना झराई मजदूरों को प्रतिदिन करना पड़ता है। ऐसे में उन्होंने आज मांगपत्र सौंपते हुए उपरोक्त समस्याओं का समाधान करते हुए मांग पूरी किए जाने की गुहार लगाई है। भगवानदास कालिया ने कहा कि मजदूरों ने मार्केट कमेटी सचिव व नई अनाज मंडी प्रधान को दो दिन का अल्टीमेटम दिया है। इस दौरान यदि मांगें पूरी नहीं होती है तो वे हड़ताल करने पर मजबूर होंगे।
इस मौके पर नई अनाज मंडी प्रधान भुरू ने बताया कि भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ ने झराई मजदूरों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में मंडी में मीटिंग बुलाकर बातचीत की जाएगी तथा झराई मजदूरों की समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाएगा।
इस अवसर पर नरेश, धर्मबीर, सोम, शीला, पिंकी, सुमन, बबली, पूनम, गीता, कमलेश, रामरती, रोशनी, कृष्ण, दिनेश, सुनीता, कृष्ण सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिलाएं व बच्चे की मदद के लिए करें संपर्क हेल्पलाइन नंबर 181 पर : सीजेएम पवन कुमार

## सीजेएम ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 08 अप्रैल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम पवन कुमार ने सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को महिलाएं व बच्चों की मदद के लिए जरूरी निर्देश दिए। सीजेएम-कम-सचिव ने कहा कि महिलाएं व बच्चे मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 181 पर संपर्क कर सकते हैं।
औचक निरीक्षण के दौरान सीजेएम पवन कुमार ने हिंसा की शिकार महिलाओं से संबंधित केस रजिस्टर की भी जांच की। जिन्हें इस केंद्र द्वारा इलाज, कानूनी सहायता और मानसिक राहत के लिए परामर्श और सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने यहां तैनात अधिकारी से कहा कि सखी वन स्टाप सेंटर पर मदद के लिए आने वाली हर पीड़ित महिला, जिसे नि:शुल्क कानूनी सहायता या वकील की सेवाएं चाहिए, वह तुरंत जिला कानूनी सेवाएं अर्थॉरिटी के कार्यालय में संपर्क करें। उन्होंने कहा कि सखी वन स्टाप सेंटर द्वारा हिंसा की शिकार महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए, ताकि मुश्किल की घड़ी में महिलाओं को इस केंद्र से सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि अगर आम लोगों में इस बारे में जागरूकता होगी तो जरूरतमंद महिलाएं जरूरत पड़ने पर इस सखी वन सेंटर का लाभ उठा सकेंगी। सीजेएम-कम-सचिव ने कहा कि महिलाएं व बच्चे मदद के लिए हेल्पलाइन 181 पर संपर्क कर सकते है। इस हेल्पलाइन से महिलाओं व बच्चो को सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों से लाभ मिलने में आने वाली परेशानियों के समाधान, हिंसा और उत्पीड़न की शिकायतों के लिए बनाया गया है। हिंसा से प्रभावित महिलाओं को 24 घंटे आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर का मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को एक छत के नीचे एकीकृत समर्थन और सहायता प्रदान करना है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने बताया कि सखी सेंटर में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में दुष्कर्म, घरेलू हिंसा, तेजाब पीड़ित, मानव तस्करी, बाल विवाह, साइबर क्राइम, गायब होने, अपहरण, दहेज आदि महिलाओं व लड़कियों को वन स्टाप सेंटर पर तत्काल मदद मुहैया करवाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि पीड़ित महिलाओं को एक फोन काल पर तत्काल मदद, पीड़ित महिलाओं के लिए मेडिकल जांच इलाज की व्यवस्था, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके लिए रोजगार उपलब्ध करवाना, आपात स्थिति में रहने-खाने और इलाज की सुविधा उपलब्ध, सेंटर में कानूनी सलाह के लिए पैनल अधिवक्ता उपलब्ध कराना, साथ ही पीड़ित महिला एवं बालिका को मनोवैज्ञानिक परामर्श और काउंसलिंग की सुविधा प्रदान की जाती है।

# लोहारू उप नागरिक अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं को मिलेगी फ्री अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा

## -स्वास्थ्य विभाग ने निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र को किया लिंक, विभाग वहन करेगा खर्चा, चिकित्सक की मनमानी पर लगेगी रोक

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 08 अप्रैल।** नगर के उप नागरिक अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं की अल्ट्रासाउंड जांच अब बिल्कुल फ्री हो सकेगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके लिए नगर के ओम अल्ट्रासाउंड केंद्र को अस्पताल के साथ लिंक किया गया है। इसके तहत अब अस्पताल की ओर से गर्भवती महिलाओं को लिखी गई अल्ट्रासाउंड जांच इस निजी केंद्र पर फ्री हो सकेगी तथा विभाग द्वारा इसका खर्चा वहन किया जाएगा। ऐसे में गर्भवती महिलाओं को समय व धन की तो बचत होगी ही बल्कि उन्हें दूरदराज के केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। ध्यान रहे कि अब तक लोहारू व आसपास क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को अब अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए भिवानी, पिलानी, चिड़ावा या निजी केंद्रों पर जाना पड़ता था। इस परेशानी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भिवानी द्वारा लोहारू के उप नागरिक अस्पताल में जांच के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड के लिए नगर के एक निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र के साथ लिंक किया गया है। अब अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए अस्पताल की ओर से एक रसीद जारी की जाएगी जिस पर मरीज की डिटेल के साथ अल्ट्रासाउंड करवाने वाले चिकित्सक का नाम, हस्ताक्षर, रजिस्ट्रेशन नंबर व मोहर होगी। गर्भवती महिला को यह रसीद विभाग द्वारा लिंक किए गए निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र पर जाकर दिखानी होगी। इसके बाद निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र के चिकित्सक द्वारा गर्भवती महिला का फ्री अल्ट्रासाउंड किया जाएगा। अल्ट्रासाउंड पर आने वाला खर्च स्वास्थ्य विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। इसके लिए 350 रुपये प्रति अल्ट्रासाउंड की दर तय की गई है। विदित रहे कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक माह की 9, 10 व 23 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच की जाती है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की सभी प्रकार की जांच व दवाओं की सुविधा निशुल्क प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर के ओम अल्ट्रासाउंड केंद्र को अल्ट्रासाउंड जांच के लिए लिंक किया गया है।

**चिकित्सकों की मनमानी पर लगेगी रोक:-**
ध्यान रहे कि नगर के उप नागरिक अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं को चिकित्सकों द्वारा अल्ट्रासाउंड जांच के लिए चहेते निजी केंद्रों पर भेजा जाता था। जहां अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए गर्भवती महिलाओं को धक्के खाने पड़ते थे वहीं उनसे निजी केंद्र 800 से 1000 रुपये तक वसूल करते थे।
ऐसे में नगर के एक निजी अस्पताल में बने अल्ट्रासाउंड केंद्र के साथ अस्पताल के चिकित्सकों की सांठगांठ के आरोप भी लग चुके है। आरोप था कि यदि कोई महिला किसी अन्य केंद्र से अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट लेकर आती थी तो उसे रिर्पोट क्लीयर न होने की बात कहते हुए चिकित्सक द्वारा चहेते अल्ट्रासाउंड केंद्र से रिपोर्ट लेने के लिए मजबूर किया जाता था जिस कारण मरीज को आर्थिक नुकसान वहन करना पड़ता था। स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास से गर्भवती महिलाओं को चिकित्सकों की मनमानी से निजात मिलेगी वहीं उनके समय व धन की बचत होने से फायदा होगा। क्षेत्रवासियों ने इसके लिए स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया है।

**क्या कहते है अधिकारी:-**
सिविल सर्जन डा. रघुवीर सिंह शांडिल्य ने बताया कि विभाग द्वारा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के प्रयास किए जा रहे है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की अल्ट्रासाउंड जांच के लिए जिले के कई निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों को विभाग के साथ लिंक किया है ताकि गर्भवती महिलाओं को परेशानी न हो। यदि कोई चिकित्सक गर्भवती महिला को किसी अन्य निजी केंद्र से अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए बाध्य करता है तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## मोदी व सैनी के नेतृत्व वाली सरकारों ने लोगों पर फिर बढ़ाया महंगाई का बोझ: माकपा

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 08 अप्रैल।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी भिवानी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पहले टोल प्लाजा रेट और अब रसोई गैस सिलेंडर पर 50 रुपए और पैट्रोल- डीजल पर 2 रुपए अधिभार लगाकर लोगों के ऊपर महंगाई का और बोझ बढ़ा दिया है। वहीं हरियाणा राज्य सरकार ने बिजली दरों में बेताहाश बढ़ोतरी की है । पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी करने की कड़ी आलोचना की व बढ़ाए गए दामों को तुरंत वापस लेने की मांग की। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि हरियाणा विधान सभा चुनाव प्रचार के दौरान स्वयं प्रधान मंत्री मोदी ने लोगों को 500 रुपए में रसोई गैस का सिलेंडर देने का वायदा किया था। परन्तु अब मोदी सरकार ने इसके उलट फैसला लिया है। डबल इंजन की सरकार में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के उत्पादों बारे अपनाई जा रही टैरिफ नीति के खिलाफ बोलने की हिम्मत तो नहीं है परन्तु वह देश की जनता पर बार-बार महंगाई बढ़ाने की हिमाकत जरूर कर रही है। टोल टैक्स दरों व बिजली दरों तथा अब पैट्रोलियम पदार्थों की दरों में की गई बढ़ोतरी के कारण बढ़ती महंगाई के बोझ से मेहनतकश लोगों की कमर टूट जाएगी । उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में गिरावट हो जाने के चलते लोगों को राहत मिलनी चाहिये थी लेकिन मोदी सरकार ने ऐसा करने की बजाय तेल पर अधिभार लगा दिया है।मोदी सरकार कह रही है कि इससे लोगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह कथन गुमराह करने के अलावा कुछ नहीं है।मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में कई बार पैट्रोल , डीजल व रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी की है और लाखों करोड़ रुपए एकत्रित किये हैं। लोगों की जेब काटकर तेल कम्पनियों को फायदा पहुंचाया गया है। आम लोग महंगाई से बेहद परेशान हैं और तनाव में हैं। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण एक तो लोग कम आमदन व बेरोजगारी से जूझ रहे हैं और दूसरी तरफ इसका आर्थिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे हालात में लोगों का जीवन संकटग्रस्त हो गया है।

# कुरुक्षेत्र देश का पहला टीबी मुक्त बनेगा जिला, 136 गांव हो चुके है टीबी मुक्त

## स्वास्थ्य विभाग ने दोबारा टीबी मुक्त गांव बनाने पर 24 ग्राम पंचायतों को किया सम्मानित

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 08 अप्रैल।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अथक प्रयासों से कुरुक्षेत्र देश का पहला टीबी मुक्त जिला बनेगा। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब तक कुरुक्षेत्र के 136 गांवों को टीबी मुक्त बनाया जा चुका है और शेष 267 गांव को टीबी मुक्त बनाने के लिए रोड मैप तैयार कर लिया गया है। इन गांव में लोगों के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग करने का काम जल्द शुरू कर दिया जाएगा। इस लक्ष्य को हासिल करने में ग्राम पंचायत की भूमिका अहम रहेगी। उपायुक्त नेहा सिंह मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा की तरफ से एक कदम टीबी भारत की ओर टीबी मुक्त पंचायत सम्मान समारोह व टीबी फोरम की बैठक में बोल रही थी। इससे पहले सीएमओ डा. सुखबीर सिंह व डिप्टी सीएमओ डा. संदीप अग्रवाल ने पावर प्रेजेंटेशन के जरिए कुरुक्षेत्र टीबी मुक्त अभियान के बारे में आंकड़ों सहित रिपोर्ट प्रस्तुत की और वर्ष 2025 में कुरुक्षेत्र को देश का पहला टीबी मुक्त जिला बनाने के रोड मैप को प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने कहा कि वर्ष 2023 में 33 ग्राम पंचायतें और वर्ष 2024 में 136 गाम पंचायतें टीबी मुक्त पंचायतें हुई हैं। इनमें 25 पंचायतें दूसरी बार टीबी मुक्त की श्रेणी में शामिल हुई हैं। प्रत्येक पंचायत में 1000 की आबादी पर 30 लोगों के सैंपल लिए गए। गांव की आबादी के हिसाब से प्रति हजार पर एक मरीज से कम की संख्या वाली पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिला में करीब 6 टीबी यूनिट,14 डीएमसी यूनिट काम कर रही है जिसमें आदेश मेडिकल कॉलेज भी शामिल है। उपायुक्त ने बताया कि टीबी की बीमारी का इलाज संभव है। इसके लिए खंड पंचायत एवं विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की पंचायतों में मुखिया को जागरूक करे। जो गांव में किसी भी व्यक्ति के अंदर टीबी के बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम से सैम्पल करवाएं। खंड शिक्षा अधिकारी सभी स्कूलों में बच्चों को बीमारियों के लक्षण से अवगत करवाएं ताकि वे खुद को और अपने परिवार को जागरूक कर सके। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे टीबी के मरीजों को फूड बास्केट किट देने के लिए अडॉप्ट करे। इन सभी प्रयासों से टीबी की बीमारी पर संभवत काबू पाया जा सकता है। इस मौके पर सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह, पीएमओ डा. सारा अग्रवाल, जिला टीबी एवं अक्षय रोग अधिकारी डा. संदीप अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



**इन 24 पंचायतों को किया सम्मानित**

उपायुक्त नेहा सिंह ने दूसरे साल में लगातार दूसरी बार टीबी मुक्त की श्रेणी सिल्वर ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया गया। इनमें गांव खानपुर रोडान, खिजरपुरा, रॉवगढ़, मुंडाखेडा, डेरुमाजरा, शादीपुर, धीरपुर, मदनपुर, टूकर, तंगौली, मुकीमपुरा, बुड्ढा, जुलमत, नानकपुरा, चम्मू कलां, फतेहगढ चम्मू, सैनी माजरा, रायपुर, मलिकपुर, छोडपुर, भालड, खरकाली, पटाकमाजरा, जोगी माजरा की ग्राम पंचायतें शामिल हैं।

**समय पर इलाज से टीबी का नियंत्रण संभव**

जिला टीबी एवं अक्षय रोग अधिकारी डा. संदीप अग्रवाल ने बताया कि टीबी एक गंभीर बीमारी है जो व्यक्ति की उम्र, स्वास्थ्य और रोग की गंभीरता पर निर्भर करती है। टीबी का सबसे आम लक्षण 2 सप्ताह से ज्यादा खांसी रहना है। इसके अलावा बुखार आना, मरीज का वजन कम होना, थकान और कमजोरी महसूस होना, सोते समय पसीना आना, सांस लेने में कठिनाई महसूस करना और छाती में दर्द रहना शामिल है। इस तरह के किसी भी लक्षण के नजर आने पर उनको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसा होने पर तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करे, शीघ्र इलाज होने पर टीबी बीमारी का नियंत्रण संभव है। उन्होंने कहा कि एक टीबी का मरीज एक साल में अपने आस-पास सम्पर्क में आने वाले 30 लोगों को संक्रमित करता है, इसलिए टीबी की बीमारी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

## पक्षियों के लिए घोंसले बनाकर उनका आसरा बन रहे राकेश प्रजापति

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**



**हिसार, 08 अप्रैल।** आज की जिंदगी भागदौड़ भरी है। समय तो किसी के पास नहीं है कुछ लोग तो परिवार को ही समय नहीं दे पाते, कई-कई दिन बीत जाते हैं एक दूसरे से मिले। इसी भाग-दौड़ में हम लोग पशु, पक्षी और पर्यावरण की तरफ देख नहीं पाते हैं और इनके लिए कुछ कर भी नहीं पाते।

पक्षियों की तरफ तो ध्यान बिल्कुल ही नहीं जाता। यही करण है कि कई प्रकार के पक्षी लुप्त हो चुके हैं। जब सुबह-सुबह चिडि?ा किसी घर में आकर चहकती है, तो घर के लोगों को एक सुकून मिलता है। हर किसी को अच्छा लगता है। जब कोई पक्षी आपके घर में आते हैं लेकिन पक्के मकान होने के कारण चिडि?ा जैसा पक्षी अपना घोंसला नहीं बन पाती। इसी समस्या का हल निकाला है सामाजिक कार्यकर्ता व सामाजिक संगठनों से जुड़े राकेश प्रजापति ने। राकेश प्रजापति ब्रह्मचारी सेवा समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं। वर्तमान में भवन निर्माण कामगार यूनियन के सचिव है और कई सामाजिक संगठनों से जुड़े हैं और पेशे से कारपेंटर है। राकेश प्रजापति पक्षियों के लिए पिछले 3 वर्षों से घोंसले बना रहे है। बिना किसी लाभ या कमाई के सिर्फ लागत कीमत पर वे लोगों को ये घोंसले दे रहे हैं ताकि लोग अपने घरों में घोंसले लगा सके और पक्षियों के लिए कुछ कर सकें।

# समस्या: कॉलेज रोड़ पर लगे गंदगी के अंबार नपा की कार्यप्रणाली पर लगा प्रश्न चिन्ह

## गंदगी की दुर्गंध से कॉलोनी के लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**रादौर, 08 अप्रैल।** शहर के कॉलेज रोड़ चौक पर गंदगी के अंबार लगे होने से स्थानीय लोगों में नगर पालिका रादौर की कार्यप्रणाली पर लगाया प्रश्न चिन्ह। गंदगी की दुर्गंध के कारण कॉलोनी के लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। लोगों में नगर पालिका रादौर की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। लेकिन नपा कर्मचारी कुंभकर्णी नींद सोये हुए है। शहर निवासी जयसिंह,मोनू सरदार,अशोक कुमार,जीत सिंह,प्रदीप शर्मा,विना रानी,पुष्पा, बिमला रानी,संदीप प्रजापत,हरीश सैनी,जय भगवान, रामकुमार,सचिन पाल आदि ने बताया कि शहर के कॉलेज रोड़ पर कई शिक्षण संस्थाए भी है लेकिन हर समय गंदगी के लंबे समय से ढेर लगे हुए है। गंदगी के कारण गर्मी में मच्छर-मक्खी से लोग परेशान है। जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगरपालिका शहर में सफाई के नाम पर हर महीने लाखों रुपये खर्च कर रही है। लेकिन फिर हालात ज्यो के तयो बने हुए है,वार्ड नः 5 में पिछले कई दिनो से डोर टू डोर की ट्राली न आने के कारण महोल्ले वासियों में नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर रोष व्यकत किया। शहर में हर जगह चौकों पर गंदगी के ढेर लगे हुए है। जिससे पता चलता है कि शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर कर्मचारी गंभीर नहीं है।



यह समस्या मेरे संज्ञान मे नही है,सफाई व्यवस्था को लेकर नगरपालिका की ओर से कड़े कदम उठाए जा रहे है। सफाई कर्मचारियों को निंदेश दे दिए गए है,कल सुबह ही इस गंदगी को उठाया जाएगा।

## किसान सौर ऊर्जा सबमर्सिबल कनेक्शन के लिए 21 अप्रैल तक सरल पोर्टल करें आवेदन

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**नारनौल, 08 अप्रैल।** हरियाणा सरकार ने किसानों को खेतों में सोलर पैनल कनेक्शन देने के लिए हरियाणा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग की ओर से जिला के किसानों के लिए 3 एचपी, 7.5 एचपी व 10 एचपी सोलर ऊर्जा पम्प 75 प्रतिशत अनुदान पर लगवाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए किसान सरल हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर 21 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

यह जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि

इसमें बिजली आधारित कनेक्शन डीएचबीवीएन के मौजूदा आवेदकों को सौर ऊर्जा पम्प के कनेक्शन के लिए प्राथमिकता दी जाएगी, बशर्ते उनको अपने मौजूदा बिजली कनेक्शन को समर्पण (सरेंडर) करना पड़ेगा। उन्होंने बताया वर्ष 2019 से 2023 तक के मौजूदा किसान जिन्होंने 1 एचपी से 10 एचपी बिजली आधारित कृषि टयूबवैल के लिए डीआईएससीओएम (डीएचबीवीएन) में आवेदन किया था उन्हें पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पम्प कनेक्शन में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन आवेदकों ने 20 फरवरी 2024 से 5 मार्च 2024 तथा 11 जुलाई 2024 से 25 जुलाई 2024 तक के आवेदकों को दोबारा आवेदन करने की जरूरत नहीं है। वे किसान अपने पुराने आवेदन से प्राप्त चालान के अनुसार अपना लाभार्थी हिस्सा जमा करवाएं। यदि किसी ने एक से ज्यादा आवेदन किए हैं तो उनका कवेल पहला आवेदन मान्य होगा। किसान के खेत में कम्पनी की तरफ से सर्वे किया जाएगा। सर्वे के समय किसान ध्यानपूर्वक अपने पम्प के हैड का चयन करें और सर्वे फार्म पर हस्ताक्षर करें। उन्होंने बताया कि एक पम्प के तीन प्रकार के हैड होते हैं जिनमें पानी की निकासी हैड अनुसार अलग-अलग होती है। यदि पम्प लगाने के बाद किसान अलग हैड का पम्प बदलता है तो उसकी कीमत किसान को स्वयं वहन करनी होगी। किसान का पम्प 5 वर्ष के लिए वारंटी में आता है। पम्प के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ करना पूर्ण रूप से निषेध है ऐसी स्थिति में पम्प की गारंटी समाप्त कर दी जाएगी। यदि किसान पम्प को अपनी जगह से स्थानांतरित करता है या उसको बेचता है या उसका दुरुपयोग करता है तो ऐसी स्थिति में किसान को सरकार द्वारा दी गई अनुदान राशि वापिस करनी होगी तथा उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। इस वर्ष के लक्षित लाभार्थियों का चयन परिवार की वार्षिक आय व भूमि धारण के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खण्ड नांगल चौधरी, निजामपुर व नारनौल के केवल वही किसान सोलर पम्प लगवाने के पात्र होंगे जो किसान पहले से ही डीजल पम्प सैट या जनरेटर सैट से अपनी खेती का कार्य कर रहे हैं तथा साथ में सूक्ष्म सिंचाई जैसे टपका, फव्वारा सिंचाई व भूमिगत पाईप लाईन इत्यादि यंत्रों का प्रयोग कर रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए सभी किसानों को आवश्यक दस्तावेज परिवार पहचान पत्र, आवेदक के नाम पर बिजली आधारित पम्प न हों, आवेदक के नाम पर कृषि भूमि की जमाबंदी फर्द होना आवश्यक है। किसान अपने खेत में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली जैसे टपका, फव्वारा सिंचाई या भूमिगत पाइप लाईन स्थापित हो या पम्प लगाने से पहले स्थापित कर लेंगे (प्रमाण पत्र, शपथ पत्र), अपलोड करना अति आवश्यक है। जिले के किसान, गौशाला, जल उपभोक्ता संगठन व समुदाय समूह आधारित सिंचाई आवेदन कर सकते हैं। किसान आवेदन करते समय अपना लाभार्थी हिस्सा चालान में दर्शीत वर्चुअल बैंक अकाउंट (जो सभी आवेदकों का अलग-अलग होगा) के माध्यम से आरटीजीएस एनईएफटी या ऑनलाइन बैंकिंग ट्रांसफर करवाएं। किसान अपने ऑनलाइन आवेदन में सोलर पम्प की क्षमता अनुसार लाभार्थी हिस्सा जैसे 3 एचपी डीसी सरफेस मोनोब्लॉक, 7.5 एचपी डीसी सबमर्सिबल, तथा 10 एचपी डीसी सबमर्सिबल और 10 एचपी एसी सबमर्सिबल हैं, जमा करवाएगा। इसके बाद सरल पोर्टल पर दोबारा जाकर पेमेंट वैलिडेट करने के बाद ही किसान का आवेदन पूरा होगा, अन्यथा किसान का आवेदन पत्र रद्द समझा जाएगा।

**जानकारी के लिए यहां करें संपर्क**

सोलर वाटर पम्पिंग सिस्टम से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए जिले के किसान किसी भी कार्य दिवस पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं मुख्य परियोजना अधिकारी नारनौल या परियोजना अधिकारी के मोबाइल नंबर 9467538815 व 9416938401 पर फोन कर जानकारी ले सकते हैं।

# ईवीएम और वीवीपैट की निगरानी की गई जांच: उपायुक्त महावीर कौशिक

### डीसी ने सीटीएम व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों साथ किया निरीक्षण

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**



**भिवानी, 08 अप्रैल।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) और मतदाता सत्यापित पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीनों की स्ट्रोंग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीटीएम अनिल कुमार सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने चुनाव आयोग के निदेर्शों के अनुसार ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को संग्रहीत करने की जांच की गई है। ईवीएम, सीयू, बीयू वीवीपैट सहित चुनाव सामग्री को स्ट्रांग रूम में रखा गया है।

डीसी महावीर कौशिक ने कहा कि स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरों से आवागमन की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। लॉगबुक को जिला चुनाव अधिकारी की देखरेख में रखा जाता है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार स्ट्रांग रूम प्रबंधित किया गया है। इस दौरान भाजपा से रोशन लाल, गुणपाल सिंह, आईएनएलडी से एडवोकेट निशांत ढाण्डा व गौतम सिंह सहित चुनाव विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सडकों पर दौड़ते बेखौफ ओवरलोड वाहनों के आगे रादौर पुलिस बेबस नजर

## ओवरलोड वाहन चालक धड़ल्ले से बैखेफ शहर की गलियों में गुजर जाते है

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**रादौर, 08 अप्रैल।** सडकों पर दौड़ते बेखौफ ओवरलोड वाहनों के आगे पुलिस प्रशासन बेबस नजर आ रहा है। आए दिन ओवरलोड वाहन रादौर शहर की गलियों में फंसते देखे जा सकते है। पश्चिमी यमुना नहर पुल से पटरी के रास्ते से सरकारी अस्पताल रोड़ से दिनभर ओवरलोड वाहन देखे जा सकते है।



शहर के सभी लोगों को ओवरलोड वाहनों की खबर रहती है, परंतु पुलिस प्रशासन ही ओवरलोड वाहनों से बेखबर रहता है। जिस कारण ओवरलोड वाहन चालक धड़ल्ले से शहर की छोटी गलियों में ओवरलोड वाहन लेकर आसानी से अपना धंधा चला रहे है। ओवरलोड वाहनों की आवाजावी से स्थानीय लोगों में पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। स्थानीय निवासी कुलवंत, प्रदीप, सुरेश, राजीव, कमल, सोनू, कुलबीर, सौरभ आदि ने बताया कि पुलिस प्रशासन बाइको के चालान काटने में व्यस्त नजर आता है। परंतु ओवरलोड वाहन उनके सामने से ही गुजर जाते है, वह उनको दिखाई नहीं देते। पुलिस कर्मचारी बाइको पर तो नंबर प्लेट चैक करते है। परंतु ओवरलोड वाहनो पर नंबर प्लेट आज तक चैक नहीं की गई। ओवरलोड वाहन शहर की गलियों में फंसकर गलियां तोडने.में लगे हुए है। पुलिस प्रशासन सोया हुआ है। जिस कारण ओवरलोड वाहन चालको के हौंसले बुलंद होते जा रहे है। इस बारे थाना रादौर प्रभारी नरेन्द्र सिंह राणा ने बताया की ओवरलोड़ को लेकर कार्यवाई की जा रही है।

# अधिकारी अत्यधिक गर्मी और लू से बचाव को लेकर उठाए जरूरी कदम: डीसी

## डीसी महावीर कौशिक ने सभी विभागों को हीटवेव से बचाव के लिए नागरिकों को जागरूक करने के दिए निर्देश

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 08 अप्रैल।** डीसी महावीर कौशिक ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निदेर्शानुसार हीट-वेव यानि लू अथवा अत्यधिक गर्मी से बचाव को लेकर विभिन्न विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने अत्यधिक गर्मी से बचाव के लिए अधिकारियों को जरूरी कदम उठाने के निर्देश जारी किए हैं। डीसी ने सभी प्रमुख विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे सरकार के निदेर्शानुसार लोगों को लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी के अनुसार लोगों को जागरूक करें।

डीसी श्री कौशिक ने गर्मी के चलते अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राज्य में गर्मी की लहर की स्थिति पर नजर रखें। हीट वेव के दुष्प्रभावों को कम करने के हरसंभव प्रयास करें। उन्होंने कहा है कि गर्मी की लहर से संबंधित प्रतिकूल प्रभावों से बचने के लिए जनता को जागरूक करना भी जरूरी है। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाई जाए ताकि लोग अत्यधिक गर्मी से बचाव कर सकें। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए है कि शिशुओं, पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं और वृद्ध लोगों पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि उन्हें निर्जलीकरण से बचाया जा सके।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को जरूरी दवाईयों का प्रबंध रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर ओआरएस पैकेट, आवश्यक दवा, तरल पदार्थ, आइस पैक, जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति का प्रावधान हो। स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी/पीएचसी पर कूलर आदि लगाएं। हीट स्ट्रोक रूम में जरूरत के अनुरूप बिस्तर के अलावा उपलब्धता के अनुसार सीएचसी और पीएचसी पर ठंडे पानी का प्रबंध हो। सभी अस्पतालों/पीएचसी/सीएचसी में ओआरएस और तरल पदार्थ के पर्याप्त स्टॉक हो। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र / सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल पर आवश्यक दवाईयां उपलब्ध हों। आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे सुचारू रखें।



उन्होंने पंचायती राज विभाग को मनरेगा श्रमिकों को दिन के दौरान अत्यधिक गर्मी से बचाने के लिए काम के घंटों को ध्यान रखने और कार्यस्थलों पर पर्याप्त पेयजल व छांव का प्रबंध रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि पार्कों, बस अड्डों, पर्यटक स्थलों तथा खुले क्षेत्रों में छाया की व्यवस्था करें। मंदिर, सार्वजनिक भवन, मॉल जैसे कूलिंग सेंटर की पहचान की जा सकती है और उनका उपयोग किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों, चौराहों व आवश्यकतानुसार संबंधित गांवों में पानी की टंकी/टैंकरों आदि की व्यवस्था कराना सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने बिजली निगम को निर्देश दिए कि बिजली की कटौती के दौरान पावर बैकअप का प्रावधान किया जाए ताकि निर्बाध बिजली उपलब्ध हो सकें। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में टूटे हुए बिजली के खंभों आदि को सुदृढ़ करना व क्षेत्रों में समय-समय पर रोस्टर के आधार पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना। बिजली कट के बारे में लोगों को सूचना दें। उन्होंने पशु पालन विभाग व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए हैं कि आमजन के साथ-साथ पशुओं के पीने के पानी के लिए ट्यूबवेल आदि का भी प्रबंध किया जाए। मवेशियों की सुरक्षा के लिए हीटवेव एक्शन प्लान तैयार करें। गर्मी की स्थितियों के दौरान पशुधन में आने वाली बीमारियों के लक्षण व उसके बचाव के बारे में लोगों को जागरूक करें। पशुओं को सुरक्षित रखने हेतु टीकाकरण का कार्य नियमित रूप से संचालित किया जाये, साथ ही पशु केन्द्रों पर आवश्यक दवाओं का भण्डारण सुनिश्चित हो।

श्रम विभाग द्वारा गर्मी की लहर से संबंधित बीमारी के संबंध में निर्माण/उद्योगों/वाणिज्यिक संस्थाओं के साथ प्रशिक्षण दिया जाए। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विशेष रूप से अनौपचारिक क्षेत्रों और बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर लगाएं जाए। इसके अलावा श्रमिकों के लिए सभी कार्य परिसरों में पेयजल की सुविधा मुहैया करवाई जाए। नगर परिषद को निर्देश दिए कि वे शहरी क्षेत्रों के सब्जी मण्डी / चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर शीतल जल की समुचित व्यवस्था हो तथा नगर के दूर-दराज क्षेत्रों में पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए हैं कि अत्यधिक गर्मी/दोपहर में लू से बचने के लिए सरकार या विभाग के निदेर्शानुसार स्कूलों का समय पुनर्निर्धारित किया गया। स्कूल जल्दी शुरू हो सकते हैं और दोपहर से पहले बंद हो सकते हैं। सभी स्कूलों और शिक्षा संस्थानों में स्वच्छ पेयजल का प्रबंध हो। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों द्वारा लोगों को हीटवेव से बचाव के बारे में जागरूक किया जाएगा। जनस्वास्थ्स विभाग को निर्देश दिए हैं कि लोगों को पानी बचत के बारे में जागरूक करें। लोगों को बताएं कि वे पेयजल से वाहनों को न धोएं। पानी की बबार्दी को रोकें। डीसी ने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि वे बस स्टैंडों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित परिवहन के लिए स्वास्थ्य टीमों की तैयारी एवं पीने के पानी तथा यात्रियों के लिए लू से बचाव की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

स्टैंडों पर प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की जाए।

डीसी महावीर कौशिक ने अग्निशमन विभाग को निर्देश दिए कि वे लू के दृष्टिगत अग्निशमन विभाग 24 घंटे उपलब्ध हो। आगजनी की सूचना हेतु टोल फ्री व उसका प्रचार प्रसार करें। जिला में संवेदनशील बिल्डिंग तथा सरकारी भवन, अस्पताल, विद्यालय आदि में फायर सेफ्टी ऑडिट कराते हुए पूर्व से ही फायर मॉक ड्रिल सुनिश्चित कर लिया जाए।

## ऑल इंडिया दंगल एसोसिएशन के पहलवान संजीव कांबोज अलाहर बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**



**रादौर, 08 अप्रैल।** ऑल इंडिया दंगल एसोसिएशन की ओर से संजीव पहलवान अलाहर को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने का क्षेत्र के लोगों ने जोरदार स्वागत किया है। गांव मंधार में मास्टर सतपाल कांबोज मंधार ने पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव पहलवान अलाहर ने कहा कि एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव आयोजित किया गया था। उनका मुकाबला नामी पहलवान रूस्तम से था। उनको कुल वोट में से 365 वोट अधिक पड़े। उनका उद्देश्य रादौर विधानसभा क्षेत्र से युवाओं को पहलवानी के लिए प्रोत्साहित कर पहलवान बनाना है। पहलवानी के लिए अखाड़े बनाए जायेंगे। जिसमें युवा कसरत करके अपने शरीर को मजबूत बनाकर नामी पहलवान बन सकेंगे। उन्होंने बताया कि रादौर व अन्य गांवों में युवाओं को पहलवानी के प्रति जागरूक करने के लिए समय समय पर अभियान चलाये जायेंगे। मास्टर सतपाल कांबोज ने बताया कि संजीव पहलवान अलाहर ने हमेशा से ही रादौर क्षेत्र का नाम अन्य प्रदेशों में रोशन किया है। जिसको देखते हुए उनको विशेष रूप से सम्मानित किया गया है। युवाओं को पहलवानी सिखाने के लिए वे भी संजीव पहलवान का पूरा सहयोग करेंगे।

